CIN-NO-UT4999RJ2020PTC0679.
UN NO-200022186

Title Code-RAJHIN27921

# मरुधर विशेष

वर्षः 1 अंकः 24 | हिन्दी | प्रातः कालीन | जयपुर, मंगलवार, 30 अगस्त, 2022 | पृष्ठ :4 | मूल्यः 2 रुपए

छोटी-बड़ी खबरे...

## सीएम के ओएसडी की नहीं होगी गिरफ्तारी

### फोन टैपिंग पर 9 नवम्बर को आएगा फैसला, दिल्ली हाईकोर्ट ने लोकेश को दी राहत बरकरार रखी

**जयपुर।** राजस्थान में दो साल पहले कांग्रेस में बगावत से हुए सियासी संकट के समय फोन टैपिंग से जुड़े केस में अब 9 नवंबर को फैसला आएगा। तब तक सीएम के ओएसडी लोकेश शर्मा को गिरफ्तारी से राहत बरकरार रखी गई है। हाईकोर्ट में आज करीब दो घंटे तक बहस चली। लोकेश शर्मा की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी ने पैरवी की। राज्य सरकार ने भी इस केस में पक्ष रखने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता को भेजा था। लोकेश शर्मा की तरफ से बहस पूरी कर ली गई है। गजेंद्र सिंह शेखावत और दिल्ली पुलिस की तरफ से अब आगे बहस और होनी है। गत 14 जुलाई को सुनवाई आज के लिए टल गई थी। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की शिकायत के बाद दिल्ली क्राइम ब्रांच ने 21 मार्च 2021 को लोकेश शर्मा और अज्ञात पुलिस अफसरों के खिलाफ केस दर्ज किया था। दिल्ली क्राइम ब्रांच में दर्ज इस केस को खारिज करने की मांग करते हुए लोकेश शर्मा ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसके बाद लोकेश शर्मा को गिरफ्तारी से छूट मिली हुई है।

## राजस्थान में कल बंद रहेगी नॉनवेज शॉप

**जयपुर।** राजस्थान में 3 दिन नॉनवेज और स्लाटर हाउस (बूचड़खाने) बंद रहेंगे। स्वायत्त शासन विभाग ने पर्यूषण पर्व और अनंत चतुर्दशी के पर्व को देखते हुए प्रदेशभर में सभी मांस-मच्छी की दुकानों और बूचड़खानों को बंद रखने के आदेश दिए है। आदेशों की पालना नहीं करने वाले के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। आदेशों के मुताबिक 30 और 31 अगस्त को जैन धर्म के पवित्र दिन पर्यूषण पर्व एवं संवत्सरी होने और 9 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी होने के चलते स्वायत्त शासन विभाग ने ये आदेश जारी किए है। आदेशों की पालना नहीं करने पर संबंधित दुकान संचालक पर कार्यवाही की जाएगी और उसे सील कर दिया जाएगा।

2021 में 1 लाख 53 हजार 52 लोगों ने सुसाइड किया

# बेरोजगारी और अकेलेपन से देश में आत्महत्या दर 6.2 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत में बेरोजगारी, अकेलापन, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, शराब की लत और आर्थिक समस्याओं के चलते आत्महत्या के मामले बढ़े हैं। साल 2021 में आत्महत्या के 1 लाख 64 हजार 33 मामले सामने आए। जबकि 2020 में देश में 1 लाख 53 हजार 52 लोगों ने आत्महत्या की थी। 2021 से तुलना करें तो यह 7.2प्रतिशत वृद्धि है। वहीं, आत्महत्या की दर में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। देश में सबसे ज्यादा आत्महत्याएं महाराष्ट्र में दर्ज की गईं। इसके बाद तमिलनाडु और मध्यप्रदेश में आत्महत्या के सबसे ज्यादा मामले सामने आए।

### महाराष्ट्र में आत्महत्याएं 13.5प्रतिशत बढ़ीं

महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 22 हजार 207 लोगों ने आत्महत्या की। तमिलनाडु में 18 हजार 925 मामले और मध्यप्रदेश में आत्महत्या के 14 हजार 965 मामले सामने आए हैं। वहीं, पश्चिम बंगाल में 13 हजार 500 और कर्नाटक में 13 हजार 503 लोगों ने खुदखुशी की। महाराष्ट्र में आत्महत्या के मामले 2020 की तुलना में 13.5 प्रतिशत बढ़े हैं। वहीं तमिलनाडु में 11.5 प्रतिशत, मध्यप्रदेश में 9.1 प्रतिशत मामले, पश्चिम बंगाल में 8.2 फीसदी और कर्नाटक में आत्महत्या के मामले 8प्रतिशत बढ़े हैं। इन पांच राज्यों में हुई आत्महत्याएं देश में सामने आए मामलों का 50.4 प्रतिशत है। जबकि बाकी 49.6 प्रतिशत मामले अन्य 23 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों में दर्ज किए गए। देश की आबादी में सबसे अधिक हिस्सेदारी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में देश में होने वाली आत्महत्याओं के 3.6 प्रतिशत मामले दर्ज किए गए।




**बेरोजगारी, अकेलापन और आर्थिक समस्याओं से लोगों ने की खुदखुशी-** देश की राजधानी दिल्ली और सबसे ज्यादा आबादी वाले केंद्र शासित प्रदेश से 2021 में आत्महत्या के 2,840 केस सामने आए। वहीं, देश के 53 बड़े शहरों में कुल 25,891 आत्महत्याएं हुईं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है।

**किसानों संग खेतों में समय बिताएंगे सरकारी अधिकारी-** महाराष्ट्र सरकार ने आत्महत्या करने वालों में बड़ी संख्या किसानों की है। इन किसानों की आत्महत्या की वजह जानने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने नई पहल शुरू की है। अब सरकारी अधिकारी महीने में तीन दिन किसानों के साथ खेतों में समय बिताएंगे, जिससे वो समझ सकें कि किसान किन परिस्थितियों में आत्महत्या करते हैं। यह पहल सितंबर से शुरू होगी, जो तीन महीने तक चलेगी।

सीएम ने जोधपुर में खेली कबड्डी...

# 44 हजार गांवों में ग्रामीण ओलिंपिक की शुरुआत, गहलोत बोले- शहरों में भी आयोजित होंगे ऐसे गेम्स

वीर-वीरांगना

**जोधपुर।** राजस्थान में ग्रामीण ओलिंपिक के महामुकाबले की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी कबड्डी में दाव आजमाया। जोधपुर के पाल गांव में हुए उद्घाटन के बाद कबड्डी का मुकाबला शुरू हुआ तो गहलोत खिलाड़ियों के बीच पहुंच गए। गहलोत को मैदान पर देखकर कांग्रेस नेताओं और अन्य लोगों ने उन्हें कबड्डी खेलने के लिए बुलाया तो वे मना नहीं कर सके। सामने वाले पाले में जोधपुर के कुछ कांग्रेस नेता खड़े हो गए और गहलोत रेडर बन गए। गहलोत ने रेड की और फिर ठहाकों के साथ अगले कार्यक्रम के लिए निकल गए। इससे पहले राजस्थान में आज से ग्रामीण ओलिंपिक का आगाज हुआ। इस ओलिंपिक में 11 हजार से ज्यादा ग्राम पंचायतों के 44 हजार से ज्यादा गांव में 5 अक्टूबर तक गेम्स होंगे। जोधपुर के गांव पाल से ग्रामीण ओलिंपिक की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि अब शहरों में ऐसे गेम्स आयोजित किए जाएंगे। जनवरी 2023 में इसकी शुरुआत होगी।



### पाल गांव में बनेगा स्टेडियम

कार्यक्रम में सीएम ने कहा- अगले बजट में पाल गांव में खेल स्टेडियम के लिए राशि प्रदान कर दी जाएगी। यहां शानदार स्टेडियम बनेगा। वे बोले मुझे खुशी है कि जोधपुर जिले 295 ग्राम पंचायत में नरेगा के तहत खेल मैदान बनाने का फैसला किया है। सरपंचों ने भी 11 करोड़ का अनुदान जनसहयोग से जुटाया है। इससे सुविधाएं विकसित होगी। खेल का माहौल बनेगा। इसका असर पांच-सात साल बाद खेल प्रतिभाओं के रूप में हमारे सामने आएगा।

**सीएम ने कहा-** मेजर ध्यानचंद वास्तव में खेलों के जादूगर रहे। आज इतिहास बनने जा रहा है खेल जगत का। पूरे देश व दुनिया में ऐसा कभी नहीं हुआ होगा, जब गांवों में 2 लाख 21 हजार टीमें बनी हैं। 10 लाख महिला खिलाड़ी भी शामिल हैं। आप सोच सकते है कि इससे गांवों में क्या माहौल बनेगा।

**सीएम गहलोत ने** कहा- फिजिकल कॉलेज के विकास के लिए पंद्रह करोड़ दिए हैं। जोधपुर में खेल के विकास पर तीस से चालीस करोड़ रुपए खर्च होने जा रहे हैं। धीरे-धीरे माहौल बन रहा है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। ग्रामीण ओलिंपिक की तर्ज पर अब शहरों के भी ओलिंपिक आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीण ओलिंपिक हर साल आयोजित कराए जाएंगे। ताकि सभी युवा पूरे साल तैयारी करें। युवाओं को भी आगे आना होगा। सरकार सारे काम नहीं कर सकती। युवाओं में भावनाएं विकसित होगी तो ही आगे बढ़ पाएंगे।

ग्रामीण ओलिंपिक के उद्घाटन कार्यक्रम में खेल मंत्री अशोक चांदना, स्पोर्ट्स काउंसिल चेयरमैन व विधायक कृष्णा पूनिया और प्रभारी मंत्री सुभाष गर्ग भी मौजूद रहे। उधर, खेल मंत्री अशोक चांदना ने कहा- इस मिट्टी से निकले मेजर ध्यानचंद के नाम से ही खेल दिवस मनाया जाता है। असली प्रतिभाएं गांव से ही निकल कर सामने आती हैं। गांव-गांव में खेल का वातावरण बने। इसी को ध्यान में रख राजस्थान में ग्रामीण ओलिंपिक का आयोजन किया जा रहा है। पहले गांव-गांव में स्थानीय खेल होते थे। सभी लोग उसमें व्यस्त रहते थे। इस कारण सभी लोग नशे से दूर थे। अब युवा नशे में डूब रहे हैं।

मुआवजे के लिए डंडा लेकर सड़क पर उतरे, हाईवे जाम

## जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा और कोटा रोड 4 घंटे रहा ब्लॉक



**अजमेर।** 13 साल के लड़के को बचाने के लिए टैंक में कूदे 4 युवकों की मौत का मामला गरमा गया है। समाज और परिवार का आरोप है कि पास में ही गैस प्लांट है, जिसकी वजह से इन युवकों की मौत हुई है। मुआवजे की मांग को लेकर रविवार शाम से ही धरना-प्रदर्शन का दौर जारी है। शव को भी नहीं उठाया गया है। सोमवार दोपहर करीब एक बजे डंडे लेकर सड़क पर उतरे लोगों ने अजमेर का नसीराबाद बाजार बंद कराया। साथ ही, हाईवे जाम कर दिया है। इससे अजमेर, जयपुर, भीलवाड़ा व कोटा आने-जाने वालों का रास्ता ब्लॉक हो गया था। शाम करीब 5 बजे पांच-पांच लाख रुपए मुआवजे पर सहमति बनी। तब जाकर हाईवे का जाम खोला गया।

### मांगों पर अड़े प्रदर्शनकारी

पुलिस-प्रशासन ने समझाने की खूब कोशिश की, पर मुआवजे की मांग पर अड़े प्रदर्शनकारियों ने एक न सुनी। नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लाम्बा भी मौके पर पहुंचे और मुआवजा देने की मांग की। सांसद भागीरथ चौधरी भी मौके पर ही हैं। देवसेना के जिलाध्यक्ष सांवरलाल गुर्जर ने कहा कि चारों मृतक परिवारों को दस-दस लाख रुपए जब तक नहीं दिए जाएंगे, जाम नहीं खोला जाएगा। शाम करीब 5 बजे मुआवजे पर सहमति बन गई। इसके बाद आंदोलन खत्म हो गया। अजमेर से नसीराबाद में एंट्री, नसीराबाद से कोटा चौराहा, नसीराबाद से दिलवाड़ी जयपुर चौराहे पर जाम लगाया गया है। पूरी तरह अजमेर, जयपुर, भीलवाड़ा व कोटा मार्ग पर चक्का जाम हो गया है। रोडवेज बसें व वाहन फंस गए हैं। इससे पहले सोमवार सुबह नसीराबाद के निकट लवेरा गांव में गुर्जर समाज के लोग इकट्ठे हुए और बैठक की। समाज के नेताओं ने अनिश्चित काल के लिए नसीराबाद बंद का निर्णय लिया।

रिलायंस एजीएम में 5जी सर्विस का ऐलान

## दिवाली तक मेट्रो सिटीज में मिलेगी, अनंत को न्यू एनर्जी और ईशा अंबानी को रिटेल बिजनेस की जिम्मेदारी

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की आज 45वीं एनुअल जनरल मीटिंग (AGM) में 5जी सर्विस लॉन्च करने का ऐलान किया गया। मीटिंग में कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बताया कि 5जी की शुरुआत मेट्रो सिटी से दिवाली तक होगी। 2023 तक पूरे भारत में 5जी सर्विस मिलने लगेगी। वहीं उन्होंने कहा कि आकाश अंबानी जियो, ईशा अंबानी रिटेल और अनंत अंबानी न्यू एनर्जी बिजनेस की जिम्मेदारी संभालेंगे। ईशा अंबानी ने रिटेल बिजनेस के जानकारी देते हुए बताया कि देश के 260 शहरों में जियो मार्ट पहुंच चुका है। रिलायंस FMCG बिजनेस भी लॉन्च करेगी।

### दुनिया का सबसे बड़ा और एडवांस्ड 5जी नेटवर्क

अंबानी ने कहा, जियो 5जी दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे एडवांस्ड 5जी नेटवर्क होगा। Jio 5जी के लेटेस्ट वर्जन को डिप्लॉय करेगा, जिसे स्टैंडअलोन 5जी कहा जाता है। इसकी 4जी नेटवर्क पर शून्य निर्भरता है। स्टैंडअलोन 5जी के साथ जियो लो लेटेंसी कनेक्टिविटी, बड़े पैमाने पर मशीन-टू-मशीन कम्युनिकेशन, 5जी वॉयस, और मेटावर्स जैसी नई और पावरफुल सर्विसेज करेगा।

कुएं में कूद जाऊंगा पर कांग्रेस में नहीं जाऊंगा

## नितिन गडकरी बोले- मेरी विचारधारा कांग्रेस से मेल नहीं खाती; अहंकार और आत्मविश्वास में फर्क

**नागपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन और हाईवे मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि वह कांग्रेस में नहीं जाएंगे। कांग्रेस में जाने से अच्छा कुएं में कूदना पसंद करेंगे, क्योंकि उनकी विचारधारा कांग्रेस से मेल नहीं खाती है। गडकरी ने यह बात नागपुर में उद्यमियों के एक सम्मेलन में कही। गडकरी ने बताया कि उनके बचपन के दोस्त और कांग्रेस के नेता श्रीकांत जिचकर ने मुझे सलाह दी थी कि भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आ जाऊं। यह उस दौर की बात है, जब मैं छात्र नेता था और भाजपा हार जाती थी। गडकरी बोले- जब आपको सफलता मिलती है और उसकी खुशी आपको अकेले होती है तो फिर उसका कोई मतलब नहीं है। यदि आपको मिली सफलता की खुशी आपके साथ काम करने वाले लोगों को भी होती है तो फिर यह अच्छी होती है। कारोबार हो या राजनीति दोनों में मानवीय संबंध अहम हैं। कैसे भी हालात हों, किसी को इस्तेमाल करके फेंकना नहीं चाहिए। उन्होंने रिचर्ड निक्सन की एक बात का जिक्र करते हुए कहा कि कोई व्यक्ति हारने से खत्म नहीं होता, लेकिन मैदान छोड़ने से खत्म हो जाता है। हमें हमेशा यह ध्यान रखना चाहिए कि अहंकार और आत्मविश्वास में क्या फर्क होता है। किसी को भी इस्तेमाल करो फेंक की दौड़ में नहीं शामिल होना चाहिए।

## मौत वाली सेल्फीः पिकनिक मनाने वाटरफॉल पर पहुंचा था परिवार, डूबने से 6 लोगों की मौत



**सिंगरौली।** छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में स्थित रमदहा वाटरफॉल में पिकनिक मनाने गए परिवार के 7 लोग डूब गए. इनमें से 6 लोगों की पानी में डूबने से मौत हो गई. जबकि, एक महिला को बचा लिया गया. जानकारी के मुताबिक, सिंगरौली जिले के बैढ़न से एक ही परिवार के 15 लोग छत्तीसगढ़ के कोरिया में पिकनिक मनाने पहुंचे थी. तभी वाटरफॉल में नहाने के दौरान ये हादसा हो गया. घटना 28 अगस्त की है. 7 लोगों में से एक महिला को बचा लिया गया. जबकि, 6 लोगों की डूबने से मौत हो गई. बताया जा रहा है कि सभी लोग नहाने के दौरान सेल्फी ले रहे थे. तभी वे लोग पानी में डूब गए. शवों को ढूंढने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया. 3 शवों को रविवार को पानी से बाहर निकाल लिया गया था. जबकि, बाकी तीन शवों को सोमवार को ढूंढ निकाला गया. पुलिस ने सभी शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है. हादसे के बाद से मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. गांव में मातम का माहौल व्याप्त है. इस हादसे में सिंगरौली के कमलेश सिंह की दो बेटियां श्रद्धा एवं श्वेता, एक बेटा हिमांशु, दामाद ऋषभ सिंह और भांजे रत्नेश एवं अभय सिंह की पानी में डूबने से मौत हुई है. जबकि, एक बेटी सुलेखा सिंह को बचा लिया गया. इससे पहले भी 23 मार्च 2022 को रमदहा फाल में 3 लोगों की डूबने से मौत हो गई थी. छत्तीसगढ़ के रमदहा जलप्रपात दुर्घटना में हताहत हुए प्रदेशवासियों के परिजन स्वयं को अकेला न समझे। हम सब शोकाकुल परिवार के साथ हैं। मृतकों के परिवारों को राज्य सरकार की ओर से 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करने के साथ घायल बहन के इलाज की समुचित व्यवस्था की जायेगी। उधर इस हादसे को लेकर एमपी के सीएम शिवराज सिंह चौहान ने भी दुख जताया है. उन्होंने ट्वीट किया, छत्तीसगढ़ के रमदहा जलप्रपात दुर्घटना में हताहत हुए प्रदेशवासियों के परिजन स्वयं को अकेला न समझें हम सब शोकाकुल परिवार के साथ हैं. मृतकों के परिवारों को राज्य सरकार की ओर से 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करने के साथ घायल बहन के इलाज की समुचित व्यवस्था की जायेगी.

झारखंड महागठबंधन को हॉर्स ट्रेडिंग का डर

## बीजेपी के संपर्क में कांग्रेस के कई एमएलए, यूपीए विधायकों ने राज्यपाल से मिलने का मांगा समय

रांची।



झारखंड में जारी सियासी संकट के बीच महागठबंधन की सरकार अब राज्यपाल पर नोटिफिकेशन जारी करने का दबाव बनाने लगी है। महागठबंधन के विधायकों ने आरोप लगाया है कि राज्यपाल नोटिफिकेशन जारी करवाने में जानबूझकर देरी कर रहे हैं, ताकि बीजेपी को हॉर्स ट्रेडिंग करने का टाइम मिल जाए। महागठबंधन के विधायकों ने राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात के लिए समय मांगा है। वहीं, दूसरी तरफ बीजेपी के सूत्रों की मानें तो कांग्रेस के कई एमएलए अभी भी बीजेपी के संपर्क में हैं। झारखंड कांग्रेस के एक बड़े नेता ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि इसकी पूरी जानकारी राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को है। वे अपने विधायकों को एकजुट करने की कोशिश में जुटे हैं। राज्य में टूटती कांग्रेस को एकजुट रखने के लिए प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे पिछले दो दिनों से झारखंड में डेरा डाले हुए हैं और विधायकों से वन टु वन मीटिंग कर रहे हैं। सीएम हेमंत सोरेन को भी इस बात का डर है कि बीजेपी राज्य में सरकार गिराने के लिए कोई बड़ी चाल चल सकती है। यही कारण है कि वो विधायकों को कभी डिनर तो कभी सियासी पिकनिक पर लेकर निकल रहे हैं। वे यह संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि सरकार में सब ऑल इज वेल है। महागठबंधन के विधायकों ने राज्यपाल से मिलने का समय मांगा है। महागठबंधन के विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिलकर चुनाव आयोग के फैसले को सार्वजनिक करने की मांग करेगा। हालांकि राज्यपाल ने समय दिया है या नहीं अभी ये स्पष्ट नहीं हो पाया है। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाई और दुमका से विधायक बसंत सोरेन की सदस्यता पर दोपहर 3 बजे के बाद चुनाव आयोग के दिल्ली कार्यालय में सुनवाई होनी है।

नासा का आर्टेमिस-1 मिशन हुआ पोस्टपोन

# रॉकेट के 4 में से एक इंजन में आई खराबी, अब 2 सितंबर को होगी लॉन्चिंग

**नई दिल्ली।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा का आर्टेमिस-1 मून मिशन पोस्टपोन हो गया है। रॉकेट के चार में से एक इंजन में आई खराबी के कारण इसकी लॉन्चिंग के लिए चल रहे काउंट डाउन को कुछ देर पहले रोक दिया गया था। रॉकेट की लॉन्चिंग भारतीय समय अनुसार सोमवार शाम 6.03 पर होनी थी। अब लॉन्चिंग 2 सितंबर को रात 10.18 पर होगी।

**दशकों से हो रही नासा के ह्यूमन मून मिशन में देरी-** स्पेस लॉन्च सिस्टम रॉकेट 2010 में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में बना था। इस वक्त 'कॉन्स्टलेशन प्रोग्राम' के जरिए वे अंतरिक्ष यात्रियों को चांद पर भेजना चाहते थे, लेकिन मिशन में कई बार देरी के बाद सरकार ने इसे बंद करने का फैसला किया था। नासा के नई प्लानिंग के तहत रॉकेट की लॉन्चिंग 2016 में होनी थी। इसके बाद डोनल्ड ट्रम्प सरकार ने 2017 में आर्टेमिस मिशन को ऑफिशियल नाम दिया। इसमें देरी होने के बाद 2019 में उस वक्त के नासा एडमिनिस्ट्रेटर जिम ब्राइडनस्टीन को पता चला कि रॉकेट को तैयार करने में अभी एक साल का समय और लगेगा।




इसी साल एक सरकारी रिपोर्ट ने खुलासा किया था कि नासा के मिशन में हो रही देरी से सरकार को अरबों डॉलर्स का नुकसान हो रहा है। हालांकि, ट्रम्प से लेकर जो बाइडेन तक, देश के सभी राष्ट्रपतियों ने आर्टेमिस मिशन को सफल बनाने के प्रयास जारी रखे।

### आर्टेमिस-1 मिशन का लक्ष्य क्या है?

आर्टेमिस-1 एक मानवरहित मिशन है। पहली फ्लाइट के साथ वैज्ञानिकों का लक्ष्य यह जानना है कि अंतरिक्ष यात्रियों के लिए चांद पर सही हालात हैं या नहीं। साथ ही क्या एस्ट्रोनॉट्स चांद पर जाने के बाद पृथ्वी पर सुरक्षित लौट सकेंगे या नहीं।

नासा के मुताबिक, नया SLS मेगारॉकेट और ओरियन क्रू कैप्सूल चंद्रमा पर पहुंचेंगे। आमतौर पर क्रू कैप्सूल में एस्ट्रोनॉट्स रहते हैं, लेकिन इस बार यह खाली रहेगा। ये मिशन 42 दिन 3 घंटे और 20 मिनट का है, जिसके बाद कैप्सूल धरती पर वापस आ जाएगा। स्पेसक्राफ्ट कुल 20 लाख 92 हजार 147 किलोमीटर का सफर तय करेगा।

# खेलो इंडिया में जोड़े गए भारतीय मार्शल आर्ट्स थान्ग ता के राजस्थान थान्ग ता संघ के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर अलवर के डॉ पंकज गुप्ता का किया गया भव्य स्वागत

**अलवर/युवराज शर्मा**

भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा राष्ट्रीय खेलों को बढ़ावा देने के लिए पांच हिंदुस्तानी खेलो योगासन, खलारी पट्टू मलखम्ब, गतका, थान्ग ता नामक 5 खेलो को खेलों इंडिया में शामिल किया गया है ! भारत सरकार की महत्वकान्शी योजना खेलों इंडिया प्रोजेक्ट का उद्देश विश्व पटल पर भारत के खिलाडियों और भारतीय खेलों को स्थापित करना और भारतीय खिलाड़ियों को कॉमनवेल्थ और ओलंपिक के लिए तैयार करना है। इसी क्रम में मणिपुरी मार्शल आर्ट थान्ग ता है जिसको अंग्रेजों के समय अंग्रेजी सरकार ने बैंन कर दिया था क्योंकि यह खेल युद्ध के लिए योद्धा तैयार करती थी जिसके कारण से ब्रिटिश सरकार को गंभीर खतरा पैदा हो गया था।

ऐसे भारतीय मणिपुरी मार्शल आर्ट्स थान्ग ता के राजस्थान थान्ग ता एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष पद का दायित्व अलवर के डॉ पंकज गुप्ता को दिया गया है ! यह अलवर के लिए गर्व और खुशी की बात है, इस खुशी में डॉक्टर पंकज गुप्ता का स्वागत करने के



लिए अलवर थान्ग ता एसोसिएशन संघ द्वारा एक स्वागत रैली का आयोजन किया गया जो स्कीम 10 स्थित डॉ पंकज गुप्ता के चिकित्सालय टेस्ट ट्यूब बेबी हॉस्पिटल से दोपहर 2.30 बजे शुरु होकर मुख्य बाजार से होती हुई साउथ वैस्ट ब्लॉक स्थित सोमवीर तंवर जी की मार्शल आर्ट्स एकेडमी पर समाप्त हुई। इस मौके पर मार्शल आर्ट अकेडमी के डायरेक्टर और एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सोमवीर सिंह तंवर, टेकाराम यादव, गीता परिवार के अश्वनी जावली, ब्रेक भूमि कल्याण परिषद के प्रेम प्रकाश शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, यशवंत कुमार गुप्ता, बजरंग दल के संजय पंडित, विश्व हिंदू परिषद के नरेश धानावत, सूबे सिंह, जयपुर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ जिलाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, टडली आश्रम से महंत ब्रह्म मुनि जी, अंकित, खुशीराम, अभिषेक, हिमांशु, गायत्री मंदिर रोड पर राजू फुटवियर, बंटी, कमल, वेद, अशोक , हरिशंकर, राजाराम कुलभूषण, हरि सिंह मोनू आदि और मार्शल आर्ट एकेडमी के सैकड़ों बच्चों ने और नगर वासियों ने माल्यार्पण कर रैली का स्वागत किया और राजस्थान अध्यक्ष बनने पर डॉक्टर पंकज गुप्ता को बधाई प्रेषित की ! इस मौके पर दर्जनों बच्चों ने मार्शल आर्ट का भव्य प्रदर्शन किया और अभी हाल ही में थाईलैंड से कांस्य पदक लेकर आए बच्चे का भी स्वागत डॉ पंकज गुप्ता और उपस्थित अतिथियों ने किया।

## जिला अस्पताल में डॉक्टर्स के 5 नवनिर्मित केबिन व ब्लड डोनेशन कैम्प का हुआ उद्घाटन

**मरुधर विशेष/हवासिंह चौधरी**

**बहरोड़।** कस्बे के जिला अस्पताल में डॉक्टर्स के नवनिर्मित 5 केबिन व ब्लड डोनेशन कैंप का उद्घाटन विधायक बलजीत यादव,नपा अध्यक्ष सीताराम यादव, नपा उपाध्यक्ष विक्रम यादव द्वारा किया गया । कार्यक्रम में मौजूद लगभग सभी अतिथियों ने कहा कि रक्तदान करने में किसी प्रकार का डर नहीं है बल्कि हमें निःसंकोच रक्तदान करना चाहिए। ब्लड कैम्प की इंचार्ज डॉ. प्रियंका यादव ने बताया कि सुबह 8 बजे से 3 बजे तक चले कैम्प



में कुल 106 यूनिट रक्तदान हुआ जिसमें अस्पताल सहित बहरोड़,नीमराणा तक के समाजसेवियों सहित अन्य लोगों ने भी रक्तदान किया, इसमें 3 फीमेल स्टाफ ने भी रक्तदान किया । इस अवसर पर अस्पताल पीएमओ डा.सत्यवीर यादव,डा. सुरेश यादव,डा. अमित यादव,डा. किरोडीमल यादव,डा. देवेन्द्र देव,डॉ.पुष्पेन्द्र जैन,डॉ. पुनित तिवाड़ी, डॉ. सुरेन्द्र यादव,डा. नरेन्द्र यादव, डॉ. अमृता यादव, डॉ. निधी यादव,डॉ. कनिका यादव, डॉ. जलदीप यादव,डॉ. पूजा यादव,डॉ. प्रशांत यादव सहित अलवर जिला ब्लड बैंक से डॉ. मोनिका,रूपनारायण,अश्विनी सहित समस्त नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहा ।

## भाजपा किसान मार्चो अलवर (दक्षिण) के जिलाध्यक्ष गोरधन सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल महोदय राजस्थान के नाम अतिरिक्त जिला कलक्टर अखिलेश पीपल को ज्ञापन सौपा

**अलवर/रुपेश शर्मा**

जिलाध्यक्ष ने बताया कि ज्ञापन में राजस्थान प्रदेश का गौवंश पिछले 3 माह से लम्पी नामक रोग से ग्रसित है और राजस्थान सरकार को बार-बार चेताने के बावजूद भी इस गौवंश में फैली इस गम्भीर बीमारी को गम्भीरता से नहीं लिया जिसके कारण हजारों गौवंश काल कल्वित हो गई है। किसान खेती के बाद पशुधन पर ही निर्भर रहता है और उनके पशुओं की इस बीमारी से मृत्यु होने पर उनकी आर्थिक रूप से कमर तोड़ने का कार्य कर रही है। परन्तु किसान बेबस है क्योंकि पंचायत ब्लॉक स्तर पर पशुधन सहायकों के पद खाली पडे है जिसके कारण इलाज समय पर नहीं मिल रहा है। पशु चिकित्सालयों में पशु चिकित्सक नहीं है और ना ही पशु चिकित्सालयों में पर्याप्त दवाओं का



स्टॉक है और ना ही पूर्ण रूप से सरकारी मदद मिल रही है। आज ज्ञापन के माध्यम से महामहिम राज्यपाल महोदय से निवेदन किया कि राज्य सरकार को निर्देशित करें ताकि गौवंश को बचाने के साथ किसानों को होने वाले आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके। आज ज्ञापन सौपने वालों में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष दिनेश भार्गव, पूर्व विधायक जयराम जाटव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता, प्रमोद विजय, राजेन्द्र कसाना, भाजपा जिला महामंत्री रामोतार चौधरी, मंत्री रमन गुलाटी, दीपक पंडित, एस.सी. मोर्चा अध्यक्ष सीताराम किराड़, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष इंजि. आर.आर. इब्राहिम खान, ओ.बी.सी. मोर्चा अध्यक्ष सुदेश खाम्बरा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष मनोज चौहान, किसान मोर्चा जिला महामंत्री योगेन्द्र चौधरी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, मंत्री डॉ. हरिसिंह चौधरी, कोषाध्यक्ष भॅवर सिंह गौड, यूवा मोर्चा जिलामंत्री अमित कश्मीरी, ईश भारद्वाज, प्रीतम हरसाना, किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष रणवीर सिंह लक्की, जयकिशन सैनी, पप्पूराम सैनी, सरदार बूटा सिंह, सुरेन्द्र यादव, शिवदयाल व्यास, विजय सिंह सोलंकी, गोपीराम गुर्जर, घनश्याम सिंह, सोशल मीडिया सह प्रभारी अभिषेक कुमावत, राजेन्द्र शर्मा, सीताराम कसाना, अमित टौंगडा, अनिता तिवाडी, कल्पना शर्मा, चतर सिंह गुर्जर, विवेकानन्द शर्मा, मनोज कुमार, अनिल शर्मा, प्रमोद शर्मा, तरूण मीणा, ओमप्रकाश शर्मा, लक्ष्मण सिंह, अतुल सिंह, विश्वेन्द्र सिंह, अश्विनी, जगदीश गुर्जर, प्रभू गुर्जर, पंकज शर्मा, घनश्याम यादव, राहुल जांगिड, पूरण सैनी सहित सेकड़ों किसान मोर्चा के कार्यकर्ता व किसान शामिल रहे।

# अश्वनी अग्रहरी को उत्तर प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया

**मरूधर विशेष**

राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय परिषद भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तत्वाधान मे अश्वनी अग्रहरी को उत्तर प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। संगठन के सभी पदाधिकारीयो ने अश्वनी अग्रहरी कों शुभकामनाएं दी और साथ ही संगठन को उत्तर प्रदेश में मजबूत बनाने का भी संकल्प दिलाया। इनके मनोनयन पर लोगों के द्वारा शुभकामनाएं और बधाई देने वालों में पूर्व कैबिनेट मंत्री क्षेत्रीय विधायक फतेबहादुर सिंह,श्रीमती साधना सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष गोरखपुर,फरेंदा पूर्व विधायक बजरंगी सिंह,सांसद रवि किशन, चेयरमैन पीपीगंज गंगा जायसवाल,चेयरमैन आनंद नगर राजेश जायसवाल,पिआरो राजेश सिंह,पिआरों शमशेर सिंह,ब्लाक प्रमुख अश्वनी जायसवाल,पूर्व जिला पंचायत सदस्य ओम प्रकाश जायसवाल,गणेश दत्त त्रिपाठी,अखिलेश चंद्र जायसवाल,कृष्णा पांडे भैसला प्रधान प्रतिनिधि,खजूरगावां पूर्व प्रधान सुधीर पांडे,आशीष कुमार अग्रहरी भारतीय किसान यूनियन मंडल महासचिव गोरखपुर,पूर्व प्रधान दिग्विजय पांडे,घनश्याम तिवारी समाजसेवी, प्रधान प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह,संजय सिंह प्रधान प्रतिनिधि बडुआ,दिलीप यादव रमचौरा प्रधान प्रतिनिधि,पूर्व प्रधान लोहरपुरवा विजय कुमार अग्रहरी,पूर्व प्रधान राजन पांडे मेंझुका,प्रधान प्रतिनिधि अनिल सिंह चौरी,प्रधान प्रतिनिधि जनार्दन यादव नवापार,अशोक यादव डुमरिया



प्रधान प्रतिनिधि,प्रधान महेश यादव जवैनिहा,प्रधान मौलिंनद,प्रधान अलगपुर सुभाष यादव,रमाशंकर यादव उर्फ रामू प्रधान आलमचक,कमलेश सिंह कुनवार प्रधान प्रतिनिधि,छेदी जायसवाल मोहनाग प्रधान प्रतिनिधि,प्रधान शेष लाल जायसवाल,प्रधान प्रतिनिधि शिवपुर करमहवा मुबारक उर्फ पिछु,त्रिपुरेश्वर नाथ जायसवाल प्रधान चन्दीपुर,प्रधान प्रतिनिधि धरमपुर शाधुशरन यादव प% प्रियंका देवी, कृष्णानंद यादव प्रधान माधोपुर,प्रधान प्रतिनिधि भौराबारी दारा निषाद,पूर्व प्रधान प्रतिनिधि इन्दरपुर शेरे नायक,सुमित कुमार अग्रहरि प्रधान पोवा,सत्यानंद अग्रहरि प्रधान ठाकुरनगर,घनश्याम यादव सोनौरा खुर्द प्रधान प्रतिनिधि,योगेंद्र प्रसाद साहनी रिगौली,प्रधान सुनील यादव? शिवलहिया,रंकम जायसवाल प्रधान प्रतिनिधि रमचौरा एवं समाजसेवी,ओम प्रकाश चौधरी सनगद,राकेश साहनी ताल बंजरहा,पूर्व प्रधान राधेश्याम जायसवाल,जयहिंद प्रजापति,अजय सिंह सैथवार प्रधान लक्ष्मीपुर प्रथम,समाजसेवी पूर्व प्रधान वसीम खान मोहम्मदपुर हगना,पूर्व प्रधान लौहर यादव वनभागलपुर, रामदास प्रधान प्रतिनिधि लोहरपुरवा,पूर्व प्रधान हुबलाल जायसवाल,कमलावती निषाद प्रधान बिशुनपुर प्रथम प्रधान प्रतिनिधि संतलाल,प्रधान सरिता सिंह तेंदुआ बिशंभरपुर,प्रधान मोजरा देवी एवं प्रतिनिधि रामकेवल साहनी बरईपार,पूर्व प्रधान रामदास सहानी खडखड़िया,पूर्व प्रधान राजेश यादव जनकपुर,प्रधान धर्मेंद्र कनौजिया मोहम्मदपुर ऊर्फ हगना,प्रधान गोपालापुर मुन्ना,प्रधान भरवलिया बेली,प्रधान खड़खड़िया हरिशचंद निषाद,प्रधान जगदम्बा पांडे मिरहिरिया,प्रधान ओमप्रकाश सिंह सोनौरा बुजुर्ग प्रधान प्रतिनिधि पिंटू सिंह,प्रधान दिनेश कनौजिया करौली,प्रधान रोहित मरहरी,बैजनाथ उर्फ गुड्डू प्रधान रामकोला,प्रधान प्रतिनिधि कपिल देव अलीगढ़,प्रधान प्रतिनिधि धर्म नाथ यादव जंगल बब्बन,प्रधान आध्या पासवान मछली गांव,पूर्व प्रधान बन्दोह रामनरेश यादव,प्रधान सुभाष यादव अलगटपुर,प्रधान सुरेंद्र चौधरी मोगलाहा,प्रधान जमीला खातून पचमा प%ी शाहनवाज,पूर्व प्रधान धर्मपुर जितेंद्र सिंह,पूर्व प्रधान मकसूदन गुप्ता आदि लोगों ने बधाई शुभकामनाएं दी

# गणपति पैराडाइज सेंट्रल स्पाइन विद्याधर नगर में हुये चुनाव संपन्न

गणपति पैराडाइज सेंट्रल स्पाइन विद्याधर नगर में दिनांक 28 अगस्त को चुनाव संपन्न हुए चुनाव अधिकारी श्री नवीन अग्रवाल व दीनदयाल जी सोनी ने बताया कि इस बार भी अध्यक्ष पद के लिए प्रमोद शर्मा निर्विरोध चुने गए हैं उनके पिछले चार बार के कार्यकाल को देखते हुए सभी बिल्डिंग में रह रहे निवासियों नहीं पांचवी बार निर्विरोध विजई बनाया है प्रमोद शर्मा ने अपनी पूरी टीम के साथ गणपति पैराडाइज में रह रहे सभी निवासियों का आभार प्रकट किया वह दोनो चुनाव अधिकारी को निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए धन्यवाद दिया। अध्यक्ष प्रमोद शर्मा उपाध्यक्ष विशाल पहल सचिव सुंदर शर्मा उपसचिव राम अवतार सैनी कोषाध्यक्ष पवन गुप्ता सदस्य डॉक्टर सचिन गुप्ता व राम अवतार कुमावत अन्य सहायक कमेट मेंबर नीरज खदरिया, राजू अग्रवाल, डॉक्टर राजेश सैनी, गोविंद अग्रवाल, महेश दंगायेच, अजय जैन, राकेश गोयल, अंकित गोयल, मनोज शर्मा, रजत चितलांगिया, पुनीत कंदोई ,मुरारका जी अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने बताया हमारा लक्ष्य पूरी बिल्डिंग को वाईफाई वह स्वच्छ वातावरण वह विद्याधर नगर में अपनी अलग पहचान बनाना ही हमारा लक्ष्य है।

# विधायक ने किया आधा दर्जन से अधिक गांवों का दौरा



**मरुधर हिन्द अराई प्रकाश भागनानी**

**अरांई।** किशनगढ़ विधायक सुरेश टांक ने अरांई व बोराडा क्षेत्र में लगभग आधा दर्जन से अधिक गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। विधायक सुरेश टांक ने क्षेत्र के बोराडा, कासीर, खरवड, डबरेला, काकलवाडा आदि गांवों में दौरा कर ग्रामीणों से रूबरू हुए। विधायक सुरेश टांक ने कहा कि गांवों के विकास में कोई कमी नहीं रखी जा रही है और मैं और राज्य की गहलोत सरकार किशनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कसर नही छोड़ रहे है । विधायक सुरेश टांक ने काकलवाडा में आयोजित अलख जी के मेले में कहा कि मेले आपसी प्रेम व भाईचारे के प्रतीक होते हैं और इससे आपसी प्रेम व सदभाव बढते हैं तथा भगवान के प्रति आस्था प्रकट होती है इसलिए मेलों में प्रसन्नता के साथ भाग लेवे। विधायक ने कहा कि इस क्षेत्र के विकास में कभी भी कोई कमी नहीं आयेगी और कोई भी समस्या हो तो मुझे बेझिझक होकर फोन करे मैं आपकी सेवा में तत्पर रहूंगा। इस दौरान जिला परिषद सीईओ हेमंत माथुर भूमिविकास बैंक चेयरमैन चेतन चौधरीबीडीओ पुरूषोत्तम पारीक थानाधिकारी जय सुल्तान सिंह, सरपंच काकलवाड़ा , भोगादीत , बैरवा समाज अध्यक्ष ठेकेदार रघुनाथ बैरवा पूर्व सरपंच कालानाडा लक्ष्मण सिंह गुंदली , कानसिंह , भरत सिंह, रूपनारायण टेलर , पूर्व वार्ड पंच लक्ष्मण गोस्वामी, कल्याण मेघवंशी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## माजरा अहीर ग्राम पंचायत में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का शुभारम्भ किया गया




**मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा**

बानसूर उपखंड की ग्राम पंचायत माजरा अहीर के गांव आलनपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल 2022 का आयोजन किया गया जिसके उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक महिपाल यादव व अध्यक्ष के रूप में नरेंद्र कुमार शर्मा पी ई ई ओ माजरा अहीर रहे । प्रतियोगिता का शुभारंभ व ध्वजारोहण मुख्य अतिथि द्वारा किया गया । प्रतियोगिता में कुल 27 टीमों द्वारा मार्च पास्ट कर मंच को सलामी दी गई व उद्घाटन मैच कबड्डी का करवाया गया । खेलों को लेकर बच्चों एवं बुजुर्गों में खासा उत्साह देखने को मिला । इस अवसर पर जगदीश गुर्जर पूर्व सरपंच,मालाराम हवलदार, भूराराम पटेल नेताजी , रामसिंह गुर्जर ,बलराम गुर्जर समाजसेवी , प्यारेलाल यादव पंच,घासीराम यादव, भूपसिंह यादव व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## खेलों से सर्वांगीण विकास होता है - एसडीएम राहुल सैनी

**मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा**

बानसूर के राजकीय माध्यमिक विद्यालय गिरुडी में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का ग्राम पंचायत स्तर पर एसडीएम राहुल सैनी ने शुभारंभ किया। राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का आयोजन 29 अगस्त से 1 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा।

राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों में बानसूर तहसील की 46 ग्राम पंचायतों में खेलों का आयोजन किया गया। ग्रामीण ओलंपिक खेलों में बानसूर तहसील में कुल 1052 टीमों का गठन किया गया है । खेलों में सर्वाधिक खिलाड़ी कबड्डी के हैं जिनकी संख्या 4577 है।

ग्रामीण ओलंपिक खेलों में युवाओं के साथ बड़े बुजुर्गों में उत्साह दिखाई दिया।

वहीं ग्रामीण ओलंपिक खेलों के शुभारंभ पर विद्यालय के छात्र




छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । वहीं खेलों के आयोजन स्थल पर राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्रामीण ओलंपिक शुभारंभ के आयोजन पर एसडीएम राहुल सैनी, पंचायत समिति प्रधान सुमन सुभाष यादव, डीएसपी मृत्युंजय मिश्रा सहित सभी अधिकारीगण व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# उपखंड अधिकारी ने किया खूंटड़िया विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण

**कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट**

**बांसवाड़ा।** छोटी सरवन ब्लॉक के राजकीय उच्च प्रथमिक विद्यालय खूंटड़िया का उपखंड अधिकारी मनोज सोलंकी ने आकस्मिक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी ने विद्यालय में संचालित कक्षाओं में जाकर अध्ययनरत विद्यार्थियों को कराए जा रहे शिक्षण कार्य की गुणवत्ता जांच की साथ ही विद्यार्थियों में देश-विदेश की जानकारी के सम्बंध में जागरूकता आये इस हेतु संस्था प्रधान वनेश्वर गर्ग को प्रतिदिन प्रार्थना सभा में अख़बार पढ़कर सुनाने एवं पुस्तकालय का उपयोग करने के निर्देश दिए।एसडीएम ने किचन शेड स्वच्छता,खाद्यान्न उपलब्धता एवं कक्षा-कक्षों का अवलोकन किया तथा बारिश में जर्जर कक्षों में विद्यार्थियों को नहीं बिठाने की बात कही,साथ ही जर्जर भवन को शीघ्र जमींदोज करके उसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजने के निर्देश दिए।एसडीएम ने विद्यालय परिसर में चल रहे पोलिंग बूथ का अवलोकन किया एवं बीएलओ भीमसिंह चरपोटा से मतदाता पहचान पत्र एवं आधार नम्बर लिंकिंग की प्रगति के बारे में जानकारी लेकर शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।साथ ही जर्जर भवन में चल रहे पोलिंग बूथ को



विद्यालय परिसर के अन्य कक्ष में स्थानांतरित करने के प्रस्ताव भेजने हेतु बीएलओ को निर्देश दिए।एसडीएम ने शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिए साथ ही विद्यालय विकास हेतु संस्था प्रधान वनेश्वर गर्ग द्वारा किये जा रहे प्रयासों को सराहा।निरीक्षण के दौरान विद्यालय के भूपेंद्र जोशी,जगदीश चरपोटा,सोहनलाल मईड़ा,कैलाश पाटीदार,गोविंदलाल निनामा,पवन कुमार कतिजा उपस्थित रहे।

# राजकीय पशु चिकित्सक संघ बानसूर ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**

बानसूर के राजकीय पशु चिकित्सक संघ ने अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी प्रवीण नारनोलिया को सामूहिक अवकाश पर जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। और बानसूर क्षेत्र के सभी पशु चिकित्सकों ने सामूहिक अवकाश पर जाने का निर्णय लिया गया है।

पशु चिकित्सकों ने बताया कि जब तक हमारी 11 सूत्री मांगे पूरी नहीं की जाएंगी तब तक क्षेत्र के सभी पदस्थापित पशु चिकित्सा सहायक और पशुधन सहायक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इस दौरान 11 सूत्री मांगों को लेकर सामूहिक अवकाश पर जाने को लेकर आज बानसूर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया ।

वहीं ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी



प्रवीण नारनोलिया ने बताया कि चिकित्सा सहायक और पशुधन सहायकों का सामूहिक अवकाश का आवेदन संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग अलवर को भेज दिया गया है।

इस दौरान रणधीर सिंह, विक्रम गुर्जर, दुर्गा प्रसाद, सुरेश यादव, हेमराज यादव, हंसराज गुर्जर, रोशन गुर्जर, राजेश मीणा, हवा सिंह प्रजापत, सुधीर कुमार शर्मा ,कुलदीप यादव सहित सभी पशु चिकित्सा सहायक और पशुधन सहायक मौजूद रहे।

# खेल सिखाते हैं, संयम व अनुशासन, रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ ओलम्पिक का आगाज

**कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट**

**बांसवाड़ा।** बागीदौरा खेल के माध्यम से ही व्यक्ति में संयम व अनुशासन के भाव आते हैं। शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए नियमित खेलना जरूरी है। यह बात बागीदौरा सरपंच रुक्मणि आर्य ने राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में कही। राउमावि बागीदौरा के खेल स्टेडियम में आयोजित भव्य कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद कचरूलाल पाटीदार ने की। विशिष्ट अतिथि कांतिलाल शर्मा, रमेश व्यास, थावरा भाई, अश्विन प्रणामी रहे। आरम्भ में प्रधानाचार्य मनोज कुमार जोशी




ने स्वागत किया। कार्यक्रम में सम्भागी खिलाड़ियों ने अभिमुख प्रयाण किया एवं खेल भावना की शपथ ली। बालिकाओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण एवं उद्घाटन की घोषणा की। संचालन विनोद पानेरी ने एवं आभार राबाउमावि बागीदौरा के प्रधानाचार्य विनोद निनामा ने की।

इसके बाद पुरुष व महिला वर्ग की कबड्डी तथा महिला वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता करवाई गई। ये जानकारी विनोद पानेरी ने दी।

## वसुंधरा बोलीं- दोबारा मौका मिलता, तो अधूरे काम पूरे होतेःकभी एक पार्टी जिताते हैं, कभी दूसरी, दोनों को काम करने की जरूरत नहीं

**जयपुर।** जयपुर में अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान समारोह में पहुंचीं पूर्व सीएम वसुंधरा राजे। बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने कहा- राजस्थान में हमारी पिछली बीजेपी सरकार ने जनहित में कई अच्छे काम किए। जो पार्टी अच्छा काम करे, उसे दोबारा मौका मिलना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वह रविवार को जयपुर में अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान समारोह में बोल रही थीं। राजे ने कहा, 'हमें दोबारा मौका मिलता तो अधूरे काम पूरे होते और प्रदेश विकास की दृष्टि से बहुत आगे होता। आज पिछड़ रहा है। जिन लोगों ने प्रदेश को विकास में पीछे धकेला है, उन्हें अब मौका नहीं दें। जब वो चुनाव में आपके बीच आएंगे, तो उन्हें सबक सिखाने की जरूरत है।' नीचे दिए गए पोल में हिस्सा लेकर आप अपनी राय दे सकते हैं, फिर आगे पढ़िए- अलग-अलग मुद्दों पर पूर्व सीएम ने क्या कहा? 'मैं कभी-कभी देखती हूं कि जो आदत लोगों ने डाली है, कभी एक पार्टी को जिताते हैं, कभी दूसरी पार्टी को जिताते हैं। सबको मालूम हो गया है कि आज ये पार्टी जीतेगी, अगली बार वो पार्टी जीतेगी। तो क्या हो गया? इसको भी काम करने की जरूरत नहीं है, उसको भी काम करने की जरूरत नहीं है। तो नुकसान किसका है? इसलिए जरूरी है, जो अच्छा काम करता है उसको प्रोत्साहित करो और जो गलत काम करता है, उसको हटाओ। ये जरूरी है कि हम लोग प्रगति करें और अच्छे काम करें। आजादी के 75 साल बाद आज भी पानी-बिजली-सड़क नहीं है। वो ही राग अलाप रहे हैं। हमारे बच्चों का आगे जाकर क्या होगा? कैसे नौकरियां मिलेंगी?,

## संपादकीय

# छोटी सी बात का बत्तंगड़

अंतरराष्ट्रीय राजनय में छोटी घटनाएं भी किस तरह बढ़ा-चढ़ाकर पेश की जाती हैं संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत का एक छोटा सा कदम इसका उदाहरण है। इसे भारत के रूस के खिलाफ मतदान करने के रूप में प्रचारित किया गया जो कि निहायत गलतबयानी है। वस्तुत- भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते जो किया वह बिलकुल अपेक्षित कदम है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के सुरक्षा परिषद को संबोधित करने के आमंत्रण को लेकर मतदान हुआ था, भारत ने इसके पक्ष में मतदान किया, जिसे भारत का रूस के खिलाफ मतदान कहा गया। परिणामस्वरूप 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद ने जेलेंस्की को वीडियो-टेलीकॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया है। रूस की सेना ने छह माह पहले फरवरी में यूक्रेन पर हमला कर दिया था। इस मामले में भारत अभी तक रूस के खिलाफ किसी भी प्रस्ताव का साथ देने से बचता रहा है। इससे अमेरिका समेत तमाम पश्चिम देश नाराजगी जताते रहे हैं। रूस के खिलाफ भारत को अपने पाले में लाने के लिए ये देश जी-तोड़ प्रयास करते रहे हैं। युद्ध के लिए पश्चिमी देशों ने रूस पर कड़े आर्थिक एवं अन्य प्रतिबंध लगाए हैं। भारत दो साल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का अस्थायी सदस्य है। इसलिए भी भारत का साथ पाने के प्रयास चलते रहते हैं, जबकि भारत ने किसी का भी साथ न देने की नीति पर चलते हुए अपनी स्वतंत्र पहचान बनाई। भारत ने रूस और यूक्रेन से कूटनीति एवं वार्ता के मार्ग पर लौटने की कई बार अपील की है और दोनों देशों के बीच संघर्ष समाप्त करने के सभी कूटनीतिक प्रयासों में सहयोग व्यक्त किया है। सुरक्षा परिषद ने यूक्रेन की स्वतंत्रता की 31वीं वषर्गांठ पर छह महीने से जारी युद्ध की समीक्षा के लिए बुधवार को एक बैठक की। रूस के राजदूत ने वीडियो टेली-कॉन्फ्रेंस के जरिए जेलेंस्की की भागीदारी के संबंध में एक प्रक्रियात्मक वोट कराने का अनुरोध किया। भारत सुरक्षा परिषद के उन 13 सदस्योंमें शामिल रहा है, जिन्होंने जेलेंस्की को सुरक्षा परिषद को संबोधित करने की अनुमति देने के पक्ष में वोट किया, जबकि वोटिंग का आह्वान करने वाले रूस ने इस निमंतणके खिलाफ मत दिया और चीन ने वोट नहीं दिया। गलतबयानी करके भारत की छवि खराब करने के किसी भी प्रयास का कड़ा विरोध किया जाना चाहिए।

# कांग्रेस अध्यक्ष पद से क्यों दूर भाग रहें हैं गहलोत?

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद म्यूजिकल चेयर बन गया है। कांग्रेस अध्यक्ष का पद कांग्रेस नेताओं के इर्द गिर्द घूम रहा हैं। मगर सभी नेता अध्यक्ष बनने से इनकार कर रहे है। कांग्रेस पार्टी के हर बड़े नेता चाहते हैं कि राहुल गांधी ही एक बार फिर से कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। मगर राहुल गांधी अध्यक्ष बनने से लगातार इंकार कर रहे हैं। उन्होंने पार्टी नेताओं को साफ शब्दों में कह दिया है कि वह किसी भी सूरत में कांग्रेस अध्यक्ष बनना नहीं चाहते हैं। वह बिना पद के ही पार्टी का काम करना चाहते हैं। राहुल गांधी के इंकार के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी महासचिव मुकुल वासनिक, वर्किंग कमेटी की सदस्य कुमारी शैलजा सहित कई नेताओं के नाम अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल हो गए हैं। मगर कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी चाहती है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अध्यक्ष का पद संभाले। अशोक गहलोत कांग्रेस पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता है। जो इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी, राहुल गांधी के साथ काम कर चुके हैं। ऐसे में वह सब के साथ तालमेल बिठाकर काम कर सकते हैं। जैसे ही कांग्रेसी हलकों में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए अशोक गहलोत का नाम आगे आया वैसे ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अध्यक्ष बनने से इंकार कर दिया। गहलोत का कहना है कि राहुल गांधी ही अध्यक्ष के रूप में पार्टी को मजबूत कर सकते हैं। अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए कई कार्य प्रारंभ किए थे। जिसका लाभ आने वाले समय में कांग्रेस को मिलेगा। गहलोत राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने के लिए 250 से अधिक बड़े नेताओं से समर्थन लेकर राहुल गांधी को मनाने का प्रयास कर रहे हैं। गहलोत का कहना है कि मुझे राजस्थान की जिम्मेवारी मिली हुई है। जहां मेरा कार्यकाल बाकी है। अभी मैं राजस्थान की जनता की सेवा करना चाहता हूं। गहलोत का कहना है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री के साथ ही गुजरात में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए उन्हें सोनिया गांधी ने वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। ऐसे में वह अपनी दोनों जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। उनका प्रयास है कि गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर कर कांग्रेस की सरकार बनाएं। अभी वह इसी मिशन में लगे हुए हैं। ऐसे में कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष पद संभालना उनके लिए अनुकूल नहीं है। यह सभी को पता है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता है। वे इंदिरा गांधी, राजीव गांधी व नरसिम्हा राव की सरकार में मंत्री रह चुके हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महासचिव, सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ ही गहलोत तीन बार राजस्थान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के नेता, तीसरी बार मुख्यमंत्री के रूप में काम कर रहे हैं। राजस्थान में अशोक गहलोत कांग्रेस के सबसे बड़े चेहरे हैं। बहुमत नहीं मिलने पर भी जोड़-तोड़ कर वह दूसरी बार सरकार बनाकर सफलतापूर्वक चला रहे हैं ऐसे में वह किसी भी स्थिति में मुख्यमंत्री का पद नहीं छोड़ना चाहते हैं। गहलोत को पता है कि यदि वह कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनकर जयपुर से दिल्ली जाते हैं तो उनके स्थान पर कांग्रेस आलाकमान उनके कट्टर विरोधी सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बना सकता है। जो गहलोत किसी भी स्थिति में नहीं होने देना चाहते हैं। अशोक गहलोत व सचिन पायलट के बीच छत्तीस का आंकड़ा किसी से छुपा हुआ नहीं है। दोनों नेता एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करते रहते है। कांग्रेस आलाकमान द्वारा अपने स्तर पर दोनों नेताओं के मध्य सुलह करवाने के उपरांत भी दोनों नेताओं के मन अभी तक नहीं मिल पाए हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत नहीं चाहेंगे कि उनके बाद पायलट राजस्थान में मजबूत होकर अपने पैर जमा सके। गहलोत को पता है कि राजस्थान की राजनीति व दिल्ली की राजनीति में बड़ा फर्क है। राजस्थान की राजनीतिक को तो वह वर्षों से अपनी अंगुली पर नचा रहे हैं। मगर दिल्ली जाने के बाद ऐसा कर पाना संभव नहीं होगा। उनको पता है कि यदि वह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन भी जाते हैं तो पार्टी तो गांधी परिवार के नियंत्रण में रहेगी। ऐसे में वह मात्र कठपुतली बनकर रह जाएंगे। ऊपर से राजस्थान भी उनके हाथ से निकल जाएगा। अगले कुछ महीनों में गुजरात, हिमाचल प्रदेश की विधानसभाओं के चुनाव होने हैं। उसके बाद अगले साल कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभाओं के चुनाव होंगे। यदि विधानसभाओं के चुनावी नतीजे कांग्रेस पार्टी के मनमाफिक नहीं रहते हैं तो पूरी जिम्मेदारी उनकी मानी जाएगी। तब असफलता का ठीकरा उनके सर ही फूटेगा। गहलोत किसी भी सूरत में ऐसा नहीं होने देना चाहते हैं। इसीलिए वह दिल्ली जाने के लिए आनाकानी कर रहे हैं। कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी कि अपनी-अपनी वफादारों की मंडली है। जिन की सलाह पर यह नेता काम करते हैं। यदि गहलोत दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में इन वफादार नेताओं की बातों को अनसुना करते हैं तो उन्हें उनकी साजिशों का शिकार होना पड़ेगा। और उनका दिल्ली की राजनीति में टिके रहना मुश्किल हो जाएगा। अभी गहलोत राजस्थान में जैसा चाहते हैं वैसा ही पार्टी करती है। राजस्थान के अधिकांश मंत्री व विधायक उनके ही वफादार हैं। राजनीतिक नियुक्तियों में भी ज्यादातर गहलोत समर्थकों को बनाया गया हैं।

## चिंतन-मनन

# साधना और सुविधा

आसक्ति के पथ पर आगे बढ़ने वाले अपनी आकांक्षाओं को विस्तार देते हैं। उनकी इच्छाओं का इतना विस्तार हो जाता है, जहां से लौटना संभव नहीं है। उस विस्तार में व्यक्ति का अस्तित्व विलीन हो जाता है। फिर वह अपने लिए नहीं जीता। उसके जीवन का आधार पदार्थ बन जाता है। पदार्थ जब मनुष्य पर हावी हो जाए तो समस्या क्यों नहीं होगी? आसक्ति अपने आप में समस्या है। इस समस्या का समाधान पदार्थ के विस्तार में नहीं, संयम में है। संयम के पथ पर वही चल सकता है, जो पदार्थ से विरक्त होने लगता है। जिन लोगों को विरक्ति का पथ प्राप्त है, जो जीवनभर इस पथ पर चलने के लिए कृतसंकल्प हैं, उनके सामने किसी प्रकार का प्रलोभन नहीं होना चाहिए। पदार्थ जीवन की आवश्यकता की पूर्ति का साधन है, यह भाव जब तक प्रबल रहता है, उसके प्रति आसक्ति पैदा नहीं होती। किंतु जब पदार्थ साध्य बन जाता है, तब व्यक्ति का दृष्टिकोण बदल जाता है। बदला हुआ दृष्टिकोण व्यक्ति को स्वच्छंद बनाता है, सुविधावादी बनाता है और उसे संग्रह की प्रेरणा देता है। स्वच्छंदता, सुविधावाद और संग्रहवृत्ति- ये तीन सकार साधना के विघ्न हैं। साधना के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए इनका सीमाकरण करना ही होगा। वैचारिक स्वतंत्रता का जहां तक प्रश्न है, साधना के साध उसका कोई विरोध नहीं है। पर विचार की स्वतंत्रता की यह अर्थ नहीं है कि व्यक्ति अपनी सीमा, संविधान और परंपरा से विमुख होकर उच्छृंखल बन जाए। उच्छृंखलता या स्वच्छंदता जहां प्रवेश पा लेती है, वहां से अनुशासन, व्यवस्था आदि तत्वों का पलायन हो जाता है। यह स्थिति व्यक्ति और समूह दोनों के लिए हितकर नहीं है। सुविधा के साथ भी साधना का विरोध नहीं है। साधना के नियम जिस सीमा तक स्वीकृति देते हैं, उस सीमा में सहज रूप से कोई सुविधा प्राप्त होती हो तो उसका उपयोग सम्मत है। जैन साधना पद्धति में शरीर को साधने का विधान तो है, पर उसे कष्ट देना कभी अभीष्ट नहीं है।

# जेवर से ज्यूरिख तक का सफर होगा आसान

आर.के. सिन्हा

आजकल आप किसी भी दिन राजधानी में इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई) और नई दिल्ली या निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन को जाकर देख लें। हैरानी होती है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आईजीआई की तुलना में मुसाफिरों की भीड़ खासी कम होने लग गई है। आईजीआई में तो चौबीसों घंटे भीड़ भरी रहती है। रोज हजारों हिन्दुस्तानी देश या सात समंदर पार के सफर पर निकल रहे होते हैं। इतने ही दुनिया के अलग-अलग भागों से दिल्ली आ भी रहे होते हैं। अब तो आईजीआई में अव्यवस्था भी खासी रहने लगी है। कारण यह है कि अपनी क्षमता से कहीं अधिक मुसाफिर और विमान यहां आ-जा रहे हैं। अब बहुत साफ है कि ग्रेटर नोएडा में स्थित जेवर एयरपोर्ट के बनने के बाद ही आईजीआई में लगातार रहने वाली अव्यवस्था से कुछ हद तक राहत मिलेगी।

जेवर एयरपोर्ट में लगभग 30 हजार करोड़ रुपये की लागत से 5845 हेक्टेयर जमीन पर बन रहा है एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। जेवर एयरपोर्ट के पहले चरण का काम 2023-24 में ही पूरा हो जाएगा। यानी 12-15 महीनों के बाद हालात सुधरने लगेंगे। तब आईजीआई का दबाव घटेगा। तब देश-विदेश की बहुत सी उड़ानें यहां से आने-जाने लगेंगी। जेवर एयरपोर्ट के पहले चरण के बनने के बाद से ही सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की आवाजाही होने की संभावना है। शुरुआत में इधर से दो हवाई पट्टियां चालू की जाएंगी। यह एयरपोर्ट नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मेरठ, गाजियाबाद, फरीदाबाद, पलवल आदि के लिए महत्वपूर्ण अवसर लेकर आ रहा है।

जेवर एयरपोर्ट के संचालित होने के बाद आईजीआई एयरपोर्ट पर दबाव कम होना चाहिए। तब सबसे पहले तो देश के अंदर उड़ने वाले बहुत से विमानों को यहां पर उतारा और यहां से इनके गंतव्य स्थलों की तरफ भेजा जा सकता है। उदाहरण के रूप में दिल्ली-मुंबई के बीच में रोज करीब 100 उड़ानें हैं। उनमें से करीब आधे को जेवर से संचालन किया जा सकता है। इसी तरह से बेंगलुरू, चेन्नई, काशी, पटना, रांची, लेह, गोवा और देश के दूसरे भागों में यहां से विमान उड़ सकते हैं। इसके अलावा लंदन, दुबई, ज्यूरिख या अमेरिका के शहरों को जाने वाली उड़ाने भी यहां से शुरू की जा सकती हैं। इससे पूर्वी दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उन हजारों-लाखों लोगों को लाभ होगा जो नियमित रूप से हवाई सफर करते हैं। अच्छी बात ये है कि जेवर एयरपोर्ट और आईजीआई

ग्रेटर नोएडा में दक्षिण कोरिया की एलजी इलेक्ट्रानिक्स, मोजर बेयर, यमाहा, न्यू हालैंड ट्रैक्ट्रर्स तथा होंडा सिएल कारों का उत्पादन हो रहा है। ये सभी अपने-अपने क्षेत्रों की चोटी की कंपनियां हैं। ग्रेटर नोएडा में इलेक्ट्रानिक सामान का उत्पादन करने वाली इकाइयां काफी संख्या में हैं। बेहतर सड़क लिंक, चौबीस घंटे पानी की सप्लाई तथा यहां से देश के उत्तर, पूर्व तथा पश्चिम राज्यों के बाजारों में पहुंचने की सुविधा के चलते ग्रेटर नोएडा महत्वपूर्ण शहर बन चुका है। जेवर एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश का पांचवां इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा।



को आपस में जोड़ने के लिए मेट्रो ट्रेन कॉरिडोर बनाया जाएगा। इस स्पेशल मेट्रो कॉरिडोर की लम्बाई करीब 74 किलोमीटर होगी, जिस पर 120 किलोमीटर की रफ्तार से मेट्रो ट्रेन दौड़ेंगी। जेवर एयरपोर्ट स्थित कार्गो की क्षमता 20 लाख मीट्रिक टन होगी, जिसे बढ़ाकर 80 लाख मीट्रिक टन कर दिया जाएगा। जेवर एयरपोर्ट सीधे सड़क, रेल और मेट्रो से जुड़ेगा। दिल्ली से मेट्रो की कनेक्टविटी एयरपोर्ट से की जाएगी। आसपास के सभी प्रमुख मार्ग व राजमार्ग जैसे यमुना एक्सप्रेस-वे, वेस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे, ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे को एयरपोर्ट से लिंक किया जाएगा। साथ ही इस एयरपोर्ट को दिल्ली-वाराणसी हाई स्पीड रेल से भी जोड़ने की योजना है। इसके बाद दिल्ली और विमानतल के बीच का सफर 21 मिनट का हो जाएगा।

जेवर एयरपोर्ट से फरीदाबाद को सीधे जोड़ने के लिए एनएचआई सिक्स लेन का ग्रीन हाइवे बनाने जा रहा है। फरीदाबाद से सटे बल्लभगढ़ के गांव साहपुरा से इस ग्रीन हाइवे का निर्माण कार्य शुरू होगा। इसके लिए फरीदाबाद व पलवल की 14 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा, जबकि यूपी के भी चार गांवों से होकर भी ग्रीन हाइवे गुजरेगा। ग्रीन हाइवे बनने के बाद फरीदाबाद से जेवर एयरपोर्ट पहुंचने में मात्र 20 मिनट का वक्त लगेगा। इस परियोजना के तहत यहां रेलवे स्टेशन, मेट्रो ट्रेन और बस अड्डा भी तैयार किया जा रहा है। तीनों ही जगह आने-जाने में यात्रियों को किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो। भारी-भरकम सामान लेकर ट्रेन और बस के लिए दौड़ न लगानी पड़े, इसके लिए स्काई वॉक ट्रैवलर बनाने की योजना पर भी काम शुरू हो गया है। एक बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत में हवाई सेवाएं अब इतनी सुलभ हैं कि अब चप्पल पहनने वाला भी हवाई सफर कर सकता है। उनकी बात में ठोस आधार था, यह तो अब दिख रहा है ।

दिल्ली का आईजीआई एयरपोर्ट दुनिया का दूसरा सबसे व्यस्तम एयरपोर्ट बन गया है। पिछले मार्च में यहां 36 लाख से अधिक यात्री पहुंचे या उड़ान भरी। अब अमेरिका का अटलांटा एयरपोर्ट ही भारत के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से आगे है। 2019 में इस एयरपोर्ट का स्थान 23वां था। एक प्रमुख वैश्विक यात्रा डेटा प्रदाता कंपनी ऑफिशियल एयरलाइन गाइड (ओएजी) के सर्वे के अनुसार अटलांटा एयरपोर्ट अभी भी पहले स्थान पर है और तीसरे स्थान पर दुबई, वहीं चौथे स्थान पर लंदन का हीथ्रो हवाई अड्डा है। दिल्ली एयरपोर्ट ने चीन के ग्वांगझू एयरपोर्ट को भी पीछे छोड़ दिया है जो कि 10वें स्थान पर है। तो बहुत साफ है कि आईजीआई में भीड़ बढ़ती ही जाएगी। यह तो बहुत संतोष का विषय है कि समय रहते हमने जेवर एयरपोर्ट पर काम शुरू कर दिया है। इस बीच, जेवर एयरपोर्ट के शुरू होने के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा में रहने वाले हजारों साउथ कोरियाई और अन्य देशों के नागरिकों को भी लाभ होगा जो लगातार सफर पर निकलते हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में बड़ी तादाद में कोरियाई नागरिक, जिनमें पेशेवर, इंजीनियर, उद्यमी वगैरह शामिल हैं, रहते हैं।

ग्रेटर नोएडा में दक्षिण कोरिया की एलजी इलेक्ट्रानिक्स, मोजर बेयर, यमाहा, न्यू हालैंड ट्रैक्ट्रर्स तथा होंडा सिएल कारों का उत्पादन हो रहा है। ये सभी अपने-अपने क्षेत्रों की चोटी की कंपनियां हैं। ग्रेटर नोएडा में इलेक्ट्रानिक सामान का उत्पादन करने वाली इकाइयां काफी संख्या में हैं। बेहतर सड़क लिंक, चौबीस घंटे पानी की सप्लाई तथा यहां से देश के उत्तर, पूर्व तथा पश्चिम राज्यों के बाजारों में पहुंचने की सुविधा के चलते ग्रेटर नोएडा महत्वपूर्ण शहर बन चुका है। जेवर एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश का पांचवां इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा। राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मानते हैं कि 'जेवर एयरपोर्ट के बनने के बाद करीब एक लाख लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। जेवर एयरपोर्ट देश का पहला पूरी तरह से प्रदूषण मुक्त एयरपोर्ट होगा।' बेशक, जेवर एयरपोर्ट बनने से नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा के विकास को पंख लग जाएंगे और आईजीआई एयरपोर्ट को राहत मिल जाएगी।

## विचार-मंथन

# आजाद कांग्रेस मुक्त

सिद्धार्थ शंकर

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। वो काफी लंबे समय से पार्टी की नीतियों को लेकर नाराज चल रहे थे। कांग्रेस अध्यक्ष को भेजे पांच पृष्ठ के त्यागपत्र में आजाद ने कहा कि वह भारी मन से यह कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से पहले %कांग्रेस जोड़ो यात्रा निकाली जानी चाहिए थी। आजाद ने कहा कि पार्टी में किसी भी स्तर पर चुनाव संपन्न नहीं हुए। गुलाम नबी ने कहा कि कांग्रेस लडऩे की अपनी इच्छा शक्ति और क्षमता खो चुकी है। आजाद ने सोनिया को लिखे पत्र में कहा कि एआईसीसी के चुने हुए पदाधिकारियों को एआईसीसी का संचालन करने वाले छोटे समूह द्वारा तैयार की गई सूचियों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया। पार्टी के साथ बड़े पैमाने पर धोखे के लिए नेतृत्व पूरी तरह से जिम्मेदार है। उन्होंने लिखा है कि कांग्रेस में हालात अब ऐसी स्थिति पर पहुंच गए है, जहां से वापस नहीं आया जा सकता। पार्टी की कमजोरियों पर ध्यान दिलाने के लिए पत्र लिखने वाले 23 नेताओं को अपशब्द कहे गए, उन्हें अपमानित किया गया, नीचा दिखाया गया। इससे पहले गुलाम नबी आजाद ने उस समय चौंकाया था जब उन्होंने जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस की प्रचार समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। हैरानी की बात ये है कि कुछ घंटे पहले ही उन्हें यह पद दिया गया था। उन्होंने कहा कि वह जम्मू-कश्मीर जा रहे हैं और जम्मू-कश्मीर में अपनी नई पार्टी बनाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा में शामिल होने की खबरों का खंडन किया है। पिछले दो साल के रिकॉर्ड देखें तो इनमें कई नेताओं के नाम शामिल हो चुके हैं। फिर वह ज्योतिरादित्य सिंधिया हों या जितिन प्रसाद, कपिल सिब्बल और हार्दिक पटेल।



एक के बाद एक कई दिग्गज नेता कांग्रेस का दामन छोड़ दूसरी पार्टियों में शामिल हो चुके हैं। कई ऐसे भी हैं, जो पार्टी के बड़े पदों पर नहीं बैठना चाहते हैं। इनमें आनंद शर्मा जैसे दिग्गज नेता शामिल हैं। आनंद शर्मा ने पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव संचालन समिति (स्टीयरिंग कमेटी) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर कांग्रेस के दिग्गज नेता पार्टी क्यों छोड़ रहे हैं? क्यों कोई बड़ा नेता पार्टी के बड़े पदों को नहीं संभालना चाहता है? कांग्रेस छोड़ने वाले ज्यादातर नेताओं ने कांग्रेस नेतृत्व और खासतौर पर राहुल गांधी पर सवाल खड़े किए हैं। गुलाम नबी आजाद ने अपने इस्तीफा में लिखा है कि कांग्रेस में अब कुछ भी ठीक नहीं है। राहुल गांधी के आसपास अनुभवविहीन लोग हैं। पार्टी में अब न तो इच्छा शक्ति बची है और न ही काबिलियत। लगातार पार्टी में वरिष्ठ नेताओं को किनारे किया जा रहा है। इसके दो दिन पहले पार्टी से इस्तीफा देने वाले जयवीर शेरगिल ने भी कुछ इसी तरह के सवाल उठाए थे। शेरगिल ने लिखा था, मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि निर्णय लेना अब जनता और देश के हितों के लिए नहीं है, बल्कि यह उन लोगों के स्वार्थी हितों से प्रभावित है, जो चाटुकारिता में लिप्त हैं और लगातार जमीनी हकीकत की अनदेखी कर रहे हैं। जितिन प्रसाद, हार्दिक पटेल, ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत कई नेताओं ने भी इस्तीफा देते हुए राहुल गांधी पर ही सवाल खड़े किए थे। सभी ने अपने इस्तीफा में लिखा था कि राहुल गांधी कांग्रेस नेताओं को मिलने का समय नहीं देते हैं। वह कार्यकर्ताओं और नेताओं की बात नहीं सुनते हैं। पार्टी में लंबे समय से चुनाव नहीं हुआ है। 2019 लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद से सोनिया गांधी अंतरिम अध्यक्ष हैं। सोनिया की तबियत खराब रहती है। ऐसे में पार्टी का ज्यादातर काम राहुल ही संभालते हैं। कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले नेताओं का आरोप है कि राहुल गांधी कभी भी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को समय नहीं देते हैं। उनकी बातों को नहीं सुनते हैं। समय पर पार्टी में फैसला नहीं होता है। एक तरह से पार्टी नेतृत्व का संकट है। लगातार चुनावों में मिल रही हार के चलते कांग्रेस के असंतुष्ट नेताओं ने जी-23 गुट बनाया। इसके बाद पार्टी में नेतृत्व को लेकर विद्रोह की अटकलें शुरू हो गई थीं। इन नेताओं का आरोप था कि पार्टी में उनकी बातों को नजरअंदाज किया जा रहा है। पार्टी में नेताओं की सुनने वाला कोई नहीं है। लोकतंत्र पूरी तरह से खत्म हो गया है। इस गुट में गुलाम नबी आजाद, कपिल सिब्बल, शशि थरूर, मनीष तिवारी, आनंद शर्मा, पीजे कुरियन, रेणुका चौधरी, मिलिंद देवड़ा, मुकुल वासनिक, जितिन प्रसाद, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राजिंदर कौर भट्टल जैसे नेता शामिल थे। अनदेखी से नाराज इनमें से कई नेता पार्टी छोड़ चुके हैं। कहा यह भी जा रहा है कि कांग्रेस में कोई नेता दूसरे की नहीं सुन रहा है। राहुल गांधी-सोनिया गांधी भी पार्टी नेताओं की गुटबाजी को खत्म नहीं कर पा रहे हैं। संगठन में तालमेल पूरी तरह से खत्म हो गया है।

## ब्लॉगर

# 'अविश्वसनीय' नीतीश कुमार का विश्वास मत

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

बिहार विधानसभा में नीतीश कुमार सरकार ने विश्वास मत हासिल कर लिया। यह पूर्व निर्धारित था। नीतीश कुमार ने समीकरण और संख्याबल का इंतजाम करने के बाद ही पाला बदला था। सत्ता की राजनीति में वह घाटे का सौदा नहीं करते हैं। इसके लिए उन्हें अपनी छवि की चिंता भी नहीं रहती। मुख्यमंत्री की कुर्सी न मिले तो छवि बना कर भी क्या करेंगे। वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर हैं यह सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। यह राजनीतिक जीवन का साध्य है। यहां तक पहुंचने और फिर बने रहने में साधन का कोई महत्व नहीं। छवि का क्या है, वह परिवर्तनशील है। कभी सुशासन बाबू तो कभी पलटू राम हैं, क्या फर्क पड़ता है। स्थाई तत्व तो मुख्यमंत्री की कुर्सी है।

नीतीश कुमार कुर्सी को साथ रख कर पाला बदलने में माहिर हैं। इसी पोजीशन में वह राजनीतिक रूप में दो विपरीत ध्रुवों की यात्रा बड़ी सहजता से कर लेते हैं। बिहार की राजनीति में भाजपा और राजद दो विपरीत ध्रुव हैं। भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा और कैडर आधारित पार्टी है। दूसरी तरफ राजद परिवार आधारित पार्टी है। इसके संस्थापक मुख्यमंत्री रहते हुए ही घोटालों के आरोपी बने थे। उस समय उनके पुत्र छोटे थे। इसलिए अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बना दिया था। लालू यादव आज भी वहीं हैं। अब उनका स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहता। छोटे पुत्र तेजस्वी बड़े हो गए। नीतीश कुमार को वही डील कर रहे हैं। कहने को उप मुख्यमंत्री हैं। उनके पास नीतीश के मुकाबले लगभग दोगुना संख्याबल है। ऐसी सरकारें खास अंदाज में चलती हैं। मुख्यमंत्री को अपने उप मुख्यमंत्री की कृपा पर निर्भर रहना पड़ता है। उसका एक मात्र उद्देश्य अपनी कुर्सी को सुरक्षित रखना होता है।

भाजपा और जेडीयू की बात अलग थी। दोनों ने मिलकर



चुनाव था। गठबंधन के नेता नीतीश कुमार थे। उन्हीं को भावी मुख्यमंत्री के रूप में प्रस्तुत किया गया था। इसी गठबंधन को जनादेश मिला था। इसमें भी जेडीयू का संख्याबल भाजपा से कम थी। भाजपा ने ईमानदारी से जनादेश का सम्मान किया। नीतीश के नेतृत्व में सरकार को जन आकांक्षा के अनुरूप चलाया जा रहा था। राजद की तरफ का नीतीश पर कोई दबाव नहीं था। राजद का पूरा कुनबा ही घोटालों के आरोप में घिरा है। बताया जाता है कि लालू यादव ने अपनी भ्रष्ट कार्यशैली से पूरे कुनबे को लाभान्वित किया था। नीतीश ने जब पहली बार पाला बदल कर राजद के साथ सरकार बनाई थी, तब भी राजद ने अपनी मूल प्रकृति का परित्याग नहीं किया। उस सरकार में भी तेजस्वी यादव उप मुख्यमंत्री थे। उनके बड़े भाई स्वास्थ्य मंत्री थे। दोनों मिलकर लालू यादव की विरासत को बढ़ाने में जुटे थे। सुशासन बाबू यह देख कर बेचैन हो गए। उन्हें लगा भाजपा के साथ रहकर जो छवि निर्मित हुई थी, सब तार- तार हो रही है। नीतीश कुमार पीछा छुड़ा कर भाजपा में वापस आ गए। नीतीश और लालू परिवार के बीच फिर अमर्यादित आरोपों की बौछार शुरू हुई। ऐसा लगा जैसे नीतीश अब कभी लालू के कुनबे की तरफ पलट कर नहीं देखेंगे। लेकिन फिर बेतलवा डाल परज की कहावत चरितार्थ हुई। एक-दूसरे पर हमला बोलने वाले एक पाले में आ गए। विधानसभा में विश्वासमत भी हासिल कर लिया। इस सबके बावजूद राजद विश्वास के साथ नहीं कह सकती कि नीतीश कब तक उसके चंगुल में रहेंगे। इसलिए तेजस्वी यादव राजद की परम्परा के अनुरूप ही खुलकर कार्य कर रहे हैं। इस बेमेल गठबंधन की पिछली सरकार में विसंगति सामने आने में कुछ समय लगा था। लेकिन इस सरकार की शुरुआत ही विसंगति से हुई है।

राजद ने अपरोक्ष रूप में नीतीश कुमार को औकात बता दी है। यह संदेश दिया है कि राजद के हिसाब से ही सरकार चलानी होगी। नीतीश ने भी इस संदेश को शिरोधार्य कर लिया है। बिहार में नए कानून मंत्री कार्तिकेय सिंह को लेकर हुए विवाद में नीतीश कुमार पूरी तरह लाचार दिखे। सबकुछ उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के ऊपर छोड़ दिया इसका मतलब है कि नीतीश ने मान लिया हैं कि राजद कोटे के सभी मंत्रियों के लिए तेजस्वी ही अघोषित मुख्यमंत्री हैं। नीतीश केवल अपनी कुर्सी और अपनी पार्टी के मंत्रियों के क्रियाकलाप देखेंगे। नीतीश सरकार में आधा दर्जन से ज्यादा अपराधी और हिस्ट्रीशीटर हैं। राजद की समस्या यह है कि वह अच्छी छवि वाले विधायक लाए भी कहां से। इस पार्टी में ऐसे लोगों का ही वर्चस्व है। लालू यादव ने कभी सिद्धांतों की राजनीति नहीं की। नीतीश का यह कहना गलत है कि उन्हें आरोपित मंत्रियों की जानकारी नहीं है। नीतीश पूरी राजद को जानते हैं। पहले वह इन सभी का कच्चा चिट्ठा जानने का दावा करते थे। यह लाचारी नीतीश ने कुर्सी के लिए खुद स्वीकार की है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## तिजारा राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का शुभारंभ हुआ



मरुधर विशेष राकेश सैनी

तिजारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अस्लीमपुर में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल का शुभारंभ किया विधायक संदीप यादव ने कहा कि इस आयोजन से प्रदेश में आपसी प्रेम भाईचारा सद्भावना एवं सहयोग का माहौल बनेगा जिससे खुशहाली बढ़ेगी इस समारोह में 50 टीम भाग ले रही है यह समारोह 5 अक्टूबर तक चलेगा इस अवसर पर तीन कमरों का भी शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम में एसडीएम महेंद्र सिंह यादव तिजारा नगर पालिका अध्यक्ष झब्बू राम सैनी ग्राम सरपंच मंजू पृथ्वी यादव सी बी ओ हरीश गुप्ता एसीबी ओ राजेश यादव वरिष्ठ अध्यापक तवर सिंह यादव राजगढ़ यादव नरेश कुमार यादव योगेश वीरमानी सहित अनेक ग्रामवासी मौजूद रहे।

## राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल का विधिवत उद्घाटन समारोह



कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट

**कुशलगढ़।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टीमेड़ा बड़ा में आज राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल का विधिवत उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य श्री कन्हैयालाल डोडियार द्वारा की गई और मुख्य अतिथि के रुप में ग्राम पंचायत टीमेडा बड़ा के सरपंच श्री रमण लाल राणा का सानिध्य प्राप्त हुआ। विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपसरपंच श्री दिनेश राणा ,श्री रामचंद्र राणा ,श्री नाथू भाई राणा श्री सुनील रावत और ग्राम पंचायत टीमेडा बड़ा के प्रतिनिधि उपस्थित रहे । संचालन स्थानीय विद्यालय के व्याख्याता श्री विनोद भाभोर द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह का विधिवत आयोजन वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक श्री हरसिंह खड़िया और शारीरिक शिक्षक श्री नारायण लाल कतीजा के निर्देशन में किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों के परिचय के पश्चात ध्वजारोहण और मार्च पास्ट किया गया। प्रधानाचार्य श्री कन्हैयालाल डोडियार ने आगंतुक अतिथियों ग्रामीणों का स्वागत करते हुए खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि श्री रमण लाल राणा ने राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल का औचित्य बताते हुए राज्य सरकार की मंशा से खिलाड़ियों को अवगत कराया। मुख्य अतिथि द्वारा खेल के विधिवत उद्घाटन की घोषणा के बाद कबड्डी पुरुष वर्ग का पहला मैच कोटडा और टिमेडा बड़ा के बीच संपन्न हुआ,जिसमें कोटडा की टीम विजेता रही ।कबड्डी महिला वर्ग में ग्राम पंचायत की एक ही टीम होने से विजेता घोषित किया गया ।इसी प्रकार खो-खो महिला वर्ग में भी ग्राम पंचायत की एक ही टीम होने से विजेता घोषित किया गया। ये जानकारी के एल डोडियार ने दी।

## विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा की जिला बैठक प्रखंड गांगड़तलाई में आयोजित की गई

कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट

**बांसवाड़ा।** विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा की जिला बैठक प्रखंड गांगड़तलाई में आयोजित की गई। विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड गांगड़तलाई की उक्त बैठक के मुख्य अतिथि श्रीमान डायालाल गामोट, अध्यक्ष सुखलाल टेलर प्रखंड अध्यक्ष गांगड़तलाई, विशिष्ट अतिथि मांगीलाल बुनकर जिला अध्यक्ष वीएचपी ,रामेश्वर मीणा विभाग मंत्री, सुभाष कलाल सह धर्म प्रसार प्रमुख रहे हैं।मुख्य अतिथि डायालाल जी ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया और कहां कि सभी हिंदू भाई भाई हैं सभी भारत माता की संतान है और सभी को इक साथ मिलकर देश के विकास में अहम भूमिका निभानी है और अखंड भारत के



सपने को सभी को मिलकर पूर्ण करना है। विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा के जिला प्रचार व प्रसार प्रमुख तरुण कुमार अडीचवाल ने बताया उक्त कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के नवीन दायित्वों की घोषणा की गई व उक्त बैठक में बापू सिंह जी राठौड़ विभाग संगठन मंत्री, राजेंद्र जी आचार्य नगर अध्यक्ष, शंकर जी रतोलिया बजरंग दल जिला संयोजक, गट्टू लाल रोत जिला उपाध्यक्ष वीएचपी, उषा जी आर्य दुर्गा वाहिनी जिला सहसंयोजिका ,जयश्री सोनी मातृशक्ति जिला संयोजिका, सुरता भगोरा पपीता कामलिया दुर्गा वाहिनी, मोहित जी बजरंग दल प्रखंड संयोजक छोटी सरवा, सोहन मईडा, देवेंद्र भट्ट, तरुण कुमार अडीचवाल,आशीष पंचाल ,तेजसिंह ,बाल सिंह, गणेश जी ,खातु जी ,प्रकाश जी, राहुल जी ,राकेश जी ,फूल जी, विक्रम जी कटारा महेंद्र जी ट्रेलर मदन जी कलाल, योगेश जी खजा आदि उपस्थित रहे।

## ग्राम स्तर पर खेल प्रतिभाओं की खोज

कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट

**कुशलगढ़।** माननीय मुख्यमंत्री महोदय की बजट की घोषणा की अनुपलना में ग्राम स्तर पर खेल प्रतिभाओं की खोज कर आगे लाने के लिए राज्य खेलों की तर्ज पर ग्राम पंचायत खेड़पुर ग्राम पंचायत रामगढ़ ग्राम पंचायत बगायचा का संयुक्त उद्घाटन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगढ़ में किया गया किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय विधायक महोदया श्रीमती रमिला खड़िया जनजाति उपाध्यक्ष राजस्थान सरकार विशिष्ट अतिथि महोदय श्रीमान एसडीम महोदय सुनील शर्मा अति विशिष्ट अतिथि ब्लॉक विकास अधिकारी ऋषिराज मीणा नोडल प्रभारी भीमजी सुरावत और कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शंभू लाल नायक ने की कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर और मां सरस्वती की प्रार्थना की गई इसके बाद भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और हॉकी के जादूगर की तस्वीर पर माल्यार्पणकिया गया विधायक महोदया का सोल और माला पहनाकर अतिथियों को पगड़ी और माला पहना कर सम्मान और स्वागत किया खेड़पुर पीईईओ भानुप्रताप मईडा द्वारा शब्द सुमन से स्वागत उद्बोधन दीया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रमिला खड़िया द्वारा ध्वजारोहण और खिलाड़ी को शपथ दिलाई गई अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया और अतिथियों द्वारा क्रिकेट खेल कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया रामगढ़ पीईईओ ने खेलकूद प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी और आभार बगायचा पीईईओ द्वारा दिया गया और कार्यक्रम में तीनों पंचायतों के कर्मचारी शारीरिक शिक्षक सभी खिलाड़ी बालक बालिकाएं ग्रामवासी जनप्रतिनिधि पत्रकार सभी मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन कन्हैया लाल निनामा और राकेश परगी ने किया

# बहरोड़ के विक्रम टॉकीज में जादूगर शिवकुमार दिखा रहे हरेत अंजेब कारनामे

## मैजिक शो में टिकिट खिड़की पर दर्शकों की लगी कतार

मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी

**बहरोड।** देश दुनिया के जाने-माने जादूगरों में शुमार अलवर क्षेत्र के राठ पुत्र मैजिशियन शिवकुमार अपनी जादुई कला का प्रदर्शन गत 25 अगस्त से बहरोड़ कस्बे के विक्रम टॉकीज में कर रहे हैं। सोमवार को मेजिक शो को देखने हेतु भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जादूगर शिवकुमार का मेजिक शो सामाजिक संदेशों से भरा हुआ है जिसे बहरोड़ की जनता काफी पसंद कर रही है। विक्रम टॉकीज के मालिक विक्रमसिंह यादव ने बताया कि लोगों को कलाकारों की हमेंशा कदर करनी चाहिए। जादूगर शिव कुमार ने अपने राठ क्षेत्र का नाम देश ही नहीं बल्कि विदेशों तक रोशन किया है। हमको ऐसे कलाकार पर गर्व है। हमें गर्व है कि हमारे राठ क्षेत्र के बेटे जादूगर शिव



कुमार जो प्राचीन जादू कला को जिंदा रखने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। वहीं सोमवार को मेजिक शो के दौरान जादूगर शिव कुमार के हैरत अंजेब कारनामों से भरे आइटम देखकर दर्शक दंग रह गए। बहरोड़ शहर में हो रहे इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के मैजिक शो को देख कस्बेवासी बड़े प्रसन्न नजर आ रहे हैं। रविवार के दोनों शो हाउस फूल रहे। जब से जादूगर शिवकुमार ने विक्रम टॉकीज में अपने मेजिक शो की जादुई शुरुआत की है तब से विक्रम टॉकीज के आस पास काफी चहल पहल दिखाई दे रही है। शो के दौरान जादूगर शिव कुमार ने शो के दौरान मौजूद सभी दर्शकों से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ, नशा मुक्त रहने का संदेश भी दिया। उन्होंने बताया कि उनका बहरोड़ शहर में यह विशेष शो चन्द दिनों के लिए है जिसमें वो इस बार नित नए आइटम लेकर आए है जादू शो दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। जादूगर शिवकुमार ने अपने शो के दौरान मानव कटिंग, लड़की को गायब करना, लड़की को हवा में उड़ाना, खाली हाथों से करोड़ों रुपए के नोटों की बारिश करना,लड़की के आठ टुकड़े करना, वरमुंडा ट्राइंगल इफेक्ट, पलक झपकते ही लड़की का नागिन के रूप में बदलना जैसे खतरनाक आइटम दिखाकर लोगों की वाह वाही लूटी।

## युवा खेल विकास समिति द्वारा मनाई गई ध्यानचंद जी की जयंती

अलवर (सतीश कुमार चौधरी)

युवा खेल विकास समिति के द्वारा खेल रत्न मेजर ध्यानचंद जी कि जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य मे प्रताप स्कूल अलवर के खेल मैदान मे मैत्रेयी हॉकी मैच का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि नेमी चन्द गोयल, आर.आई, पुलिस लाइन राजस्थान पुलिस, मुख्यवक्ता



लालाराम, विशिष्ट अतिथि बुद्धराज,अतिथि भीमसिंह रहे समिति के सचिव रजनीश जैमन ने बताया कि यंग स्टार क्लब व प्रताप स्कूल के बीच हुआ जिसमें यंग स्टार क्लब 6-4 से विजय रही मैच मे निर्णायक रोहिताश यादव,संजय चौधरी,पुनित चौधरी,मनोज मीणा रहे इस मौके पर शक्ति सिंह,पार्षद लोचन यादव,रविराज सिंह ,ओलम्पिक संघ सचिव उत्तम सैनी,अध्यक्ष डॉ शलेन्द्र शर्मा ,आशिष यादव, उम्मेदसिंह,सम्राट यादवगोल्डी , कोषाध्यक्ष मानवेन्द्रसिंह उपस्थित रहे ।

## संत रघुवीर दासजी महाराज ने भव्य धर्म सभा को संबोधित किया



कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट

**कुशलगढ़।** सूरजकुंड गांव खेरदा में हजारों भक्तों के बीच में गौ भक्त संत द्वारकाधीश गौशाला तलवाड़ा से पधारे संत रघुवीर दासजी महाराज ने भव्य धर्म सभा को संबोधित किया। गुजरात से पधारे विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष महंत धना भाई विश्व हिंदू परिषद के डॉक्टर विकास भाई भट्ट संत श्री नरसिंह गिरी जी महाराज हेमेंद्र पंड्या सरपंच धारू भाई बहादुर भाई विजय सिंह जी वेस्ता राम जी एवं संत महात्मा की उपस्थिति में भव्य धार्मिक अनुष्ठान हुआ 10 किलोमीटर तक बाबा का जुलूस के साथ हजारों भक्तों ने जय रामापीर के उद्घोष के साथ धार्मिक अनुष्ठान बाबा रामदेव जी का जन्म उत्सव मनाया।

## कठूमर ब्लॉक की समस्त ग्राम पंचायतों पर ओलंपिक खेल का हुआ शुभारंभ

मरूधर विशेष

**कठूमर। दिनेश लेखी।** राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल पंचायत समिति क्षेत्र की समस्त ग्राम पंचायतों में सोमवार को शुभारंभ हुआ। राज्य सरकार एवं जिला कलेक्टर अलवर के आदेश अनुसार 29 अगस्त से 1 सितंबर तक ग्राम पंचायत स्तर पर राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का आयोजन होना है।



जिसको लेकर उपखंड मुख्यालय पर पंचायत समिति परिसर में खेल मैदान पर पंचायत समिति सदस्य जयप्रकाश दीक्षित के मुख्य आतिथ्य में ध्वज फहराया गया। सर्वप्रथम लड़कियों द्वारा खो खो का प्रदर्शन, किया गया। ग्राम पंचायत कठूमर की गठित खो-खो कबड्डी टीमों के मुकाबले हुए जिसमें गठित पुरुष वर्ग की कबड्डी में बी टीम विजेता रही एवं महिला वर्ग में खो खो व कबड्डी के मुकाबले में खो खो में ए टीम और कबड्डी में ए टीम विजेता रही। इस मौके पर राउमावि कठूमर पीईईओ विराज चौहान , राबाउमावि प्रधानाचार्य बीना मीना , झब्बूराम शर्मा, उमेश चौधरी, पीटीआई शिब्बोराम सोनी,पंचायत सहायक देवेश भारद्वाज, उप सरपंच प्रतिनिधि श्याम सुंदर आदि मौजूद रहे मंच संचालन भूमि दत्त शर्मा के द्वारा किया गया।

इधर ग्राम खेड़ामैदा में ब्लॉक स्तरीय ग्रामीण ओलंपिक खेल कार्यक्रम का आयोजन हुआ।जिसमें उपखंड अधिकारी लाखन सिंह गुर्जर, अनुसूचित वित्त विकास आयोग के उपाध्यक्ष अवधेश बैरवा, विकास अधिकारी यशवंत शर्मा, अतिरिक्त विकास अधिकारी योगेश टांक, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी योगेंद्र सिंह कुशवाहा सहित अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। विकास अधिकारी यसवंत शर्मा ने ग्राम टिकरी मैथना, रेटा में ग्रामीण ओलंपिक खेलों का निरीक्षण किया संबंधित स्टाफ को सतत पर्यवेक्षण एवं निर्वाद संचालन हेतु दिशा निर्देश प्रदान किए साथ ही उपस्थित खिलाड़ियों का परिचय कर खिलाड़ियों को खेल भावना से एवं भाईचारा बनाए रखने के निर्देश प्रदान करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी इस मौके पर विकास अधिकारी यशवंत शर्मा ग्रामीण ओलंपिक खेल के प्रभारी अधिकारी योगेश टांक, मनोज भारद्वाज, रिमांशु शर्मा सहित कई अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पंचायत समिति सभागार का सौंदर्यकरण कर किया गया उद्घाटन

### नीमराना प्रधान संतोष यादव ने किया उद्घाटन

पंचायत समिति कार्यालय नीमराना में सभागार के सौंदर्यकरण एवं नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन प्रधान संतोष सिंह यादव ,विकास अधिकारी संजय यादव ने फीता काटकर किया।पंचायत समिति का सभागार को दुरस्त कर नवीनीकरण किया गया। प्रधान संतोष यादव,भाजपा जिला अध्यक्ष बलवान सिंह यादव का पंचायत समिति के कार्मिकों के द्वारा स्वागत किया गया।

प्रधान संतोष यादव ने संबोधित करते हुए कहा पंचायत समिति नीमराना पहले भी विकास कार्यों में अग्रणी रही। पंचायत समिति 2010 से लेकर 15 तक चार बार सम्मानित हुई । इसी प्रकार आने वाले समय में विकास की गंगा बहाई जायेगी।हम सब साथ मिलकर कार्य करेंगे राजस्थान में ही नहीं पूरे हिंदुस्तान



में विकास कार्यों को लेकर पंचायत समिति नीमराना का नाम दर्ज कराने का कार्य किया जाएगा।कर्मचारी कार्यक्रम और कार्यालय तीनों व्यवस्थित होते हैं तो विकास का कार्य होता है।

आने वाले समय में पंचायत समिति नीमराना कार्यालय को बहुत ही सुंदर परिसर बनाने का कार्य किया जा रहा है।

आज पंचायत समिति नीमराना के मीटिंग हॉल जैसा बना है हर पंचायत समिति पर इसी प्रकार के मीटिंग हॉल बने ऐसा सभी सरपंचों से आग्रह किया। इस अवसर पर संजय कुमार यादव विकास अधिकारी,राजेश कुमार पंवार, ओमप्रकाश निर्मल,अभय सिंह यादव,कैलाश चंद जांगिड़,लीला रामजाट,मुकेश कुमार यादव,सरपंच संघ अध्यक्ष उमाशंकर यादव,ग्राम विकास अधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष रतन लाल यादव,महावीर प्रसाद यादव, मंत्रालय कर्मचारी ब्लॉक अध्यक्ष दीपचंद ,उमेद कुमार यादव,भाजपा जिला महामंत्री उमेद सिंह भाया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित वीरू भारद्वाज ,जोनायचा कलां सरपंच रज्जन देवी ,शाहजहांपुर सरपंच वीरमति यादव,गुगलकोटा सरपंच श्याम सुंदर यादव,अकलिमपुर सरपंच संजीव कुमार,पंचायत समिति सदस्या नीतू देवी सहित काफी पंचायत समिति सदस्य व सरपंच मौजूद रहे।

## राजीव गांधी ग्रामीण खेलकूद का शुभारंभ



कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट

**बांसवाड़ा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खूंटा मच्छार लॉक बागीदौरा में शुभारंभ किया गया इस मौके पर गांव की सरपंच लीला देवी गरासिया की मुख्य अतिथि में खेलों का शुभारंभ किया गया तथा विभिन्न विशिष्ट महानुभव को माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया इसमें दो कबड्डी के मैच हुए इस मौके पर स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री दिलीप जी चौहान के सानिध्य में संपन्न हुए कार्यक्रम का संचालन श्री हरीश जी रावल ने किया तथा आभार महेंद्र जी पाटीदार ने व्यक्त किया

## ग्रामीण ओलम्पिक से खेलों का रुझान बढ़ेगा

कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट

**कुशलगढ़।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ठुम्मठ के प्रांगण में राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का उद्घाटन कार्यक्रम पूर्व उपसरपंच मानसिंह भाई कटारा की अध्यक्षता एवं संतोष कुमार कटारा तथा मुकेश कटारा के आतिथ्य में तथा कार्यवाहक संस्थान प्रधान जसवंत यादव के निर्देशन में प्रारंभ हुआ। राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी



ग्राम पंचायतों के मुख्यालय पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है । उद्घाटन कार्यक्रम में पूर्व सरपंच मानसिंह भाई कटारा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इन खेलों के माध्यम से जन जन तक खेल के द्वारा सद्भावना का संदेश जाएगा। ये केवल मनोरंजन के लिए नहीं अपितु राष्ट्रीय एकता के जागरण कार्यक्रम है।उद्घाटन समारोह में स्काउट गाइड न सामुहिक नृत्य, लोकगीत,स्काउट पिरामिड का प्रदर्शन किया गया।कार्यक्रम में जाला भुरिया,लालु रावत,ललिता गमेती माधवलाल कटारा आदि उपस्थित थे , कार्यक्रम का संचालन स्काउट शिक्षक माधवलाल कटारा ने किया ।

## स्थूलेश्वर महादेव मंदिर पर खुले आसमान तले पौराणिक खेल पत्थरों से पचिके खेले

कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट

**बांसवाड़ा।** खेल दिवस के अवसर पर वैष्णव सृजन महिला मंडल ने स्थूलेश्वर महादेव मंदिर पर खुले आसमान तले पौराणिक खेल पत्थरों से पचिके खेले जिसमें महिलाओं ने अपने बचपन के पुराने दिनों को याद कर पचिके खेलकर आज के समय में मोबाइल ने बच्चों को सारे शारिरीक और मानसिक खेलों से दुर कर दिया इसका ये प्रभाव



हुआ कि हर दुसरा व्यक्ति या बच्चों में मानसिक अवसाद के चलते डिप्रेशन में है और पुराने खेलों से बच्चों में समुह में रहने की आदत बन जाती थी जो आज कम हो गया है।इस मोके पर सचिव कृष्णा गृहस्थी कोषाध्यक्ष ऊषा मुकेश वैष्णव ऊषा जगदीश वैष्णव ऊषा प्रवीण वैष्णव सुनिता अधिकारी इंदिरा वैष्णव विधा वैष्णव कला अग्रावत जाग्रति वैष्णव शांति वैष्णव आदि उपस्थित रहे आयोजक शीतल भंडारी ने बताया कि हमें घर से बाहर निकल कर महिलाओं को जो पुराने खेल आते हैं वो समाज में और मोहल्ले में सबके साथ खेलने से जो बच्चे और बालिकाएं हमको देख कर सिखेगे समझेंगे और उनको खेलने की कोशिश करेंगे और हम भी बचपना फिर से जी सकते हैं। ये जानकारी शीतल भंडारी ने दी।

## गणेश उत्सव को लेकर कस्बे के मुख्य बाजार स्थित गणेश मंदिर पर अनेक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

मरूधर विशेष

**कठूमर। दिनेश लेखी।** कस्बे के मुख्य बाजार स्थित गणेश मंदिर प्रांगण में 31 अगस्त को गणेश चतुर्थी दिवस के मौके पर भगवान श्री गणेश का जन्म उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनायें जाने को लेकर गणेश मंदिर कमेटी अध्यक्ष रामस्वरूप दुरेजा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।




बैठक में 31 तारीख को गणेश मंदिर पर छप्पन भोग की झांकी, 108 किलो मोदक लड्डुओं का प्रसाद वितरण, शाम को झांकियों की प्रदर्शनी व रात्रि 9:30 बजे से गणेश जागरण भक्ति रस कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई और कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी सौंपी गई। इस दौरान प्राचीन झोपड़ी वाले सीताराम मंदिर के महंत मनोज भारद्वाज, गणेश मंदिर कमेटी के सदस्य व गणेश मार्केट के व्यापारी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## गणेश पूजन और ध्वजारोहण के साथ हुआ भोजन थाली परिक्रमा मेले का आगाज

मरुधर विशेष आमिर खान कामां

**कामां-** कामां नगर पालिका द्वारा आयोजित होने वाला 6 दिवसीय भोजन थाली परिक्रमा मेले का शनिवार को ऐतिहासिक लाल दरवाजे पर पालिकाध्यक्ष गीता खंडेलवाल व एसडीएम दिनेश शर्मा द्वारा गणेश पूजन व कामसेन स्टेडियम में पालिका अध्यक्ष गीता खंडेलवाल द्वारा ध्वजारोहण के साथ विधिवत आगाज हो गया7 भोजन थाली परिक्रमा मेले के शुभारंभ के अवसर पर सुबह ऐतिहासिक लाल दरवाजे पर सिद्धिविनायक गणेश की प्रतिमा पर चोला



चढ़ाकर पूजा-अर्चना की गई और प्रसाद वितरित किया गया इसके उपरांत कामसेन स्टेडियम पहुंचकर मंत्रोच्चार के बाद विधिवत तरीके से ध्वजारोहण कर मेला शुभारंभ की घोषणा की इस अवसर पर कामां कस्बे के बैंड बाजों द्वारा अपनी प्रस्तुतियां दी गई दोपहर बाद गोपीनाथ मंदिर से बैंड बाजे व दर्जनों झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा में विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र थी7 मेला शुभारंभ के अवसर पर उपखंड अधिकारी दिनेश शर्मा, तहसीलदार इंद्राज गुर्जर ,पालिका अध्यक्ष गीता खंडेलवाल,नगर पालिका के पार्षद व गणमान्य लोग मौजूद थे।

## राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का शुभारंभ, नांगल सिरस पंचायत में बेनाड की कबड्डी टीम ने बाजी मारी



**जयपुर।** खेल दिवस पर शुरू हुए राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक में राज्य भर से खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। 29 अगस्त को ग्रामीण ओलंपिक खेलों का शुभारंभ हर जिले के पंचायत स्तर पर धूमधाम के साथ किया गया। नांगल सिरस पंचायत में उपस्थित विशेष अतिथियों द्वारा झंडारोहण कर खेलों का उद्घाटन किया गया। समारोह की अध्यक्षता मुख्य अतिथि चेतन दास महाराज ने की। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम बिहारी शर्मा, सरपंच पति नीलम पिंकू कुमावत, मोहन डागर, पंचायत समिति सदस्य ऐश्वर्य अटल, नांगल स्कूल के प्रधानाचार्य रामअवतार मीणा आदि थे। स्कूली बच्चों ने इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित प्रबुद्ध जनों का मन मोह लिया। पहले दिन कबड्डी के मैच आयोजित किए गए जिनमें बेनाड की कबड्डी टीम ने नांगल सिरस टीम को हराया। उपस्थित अतिथियों व आयोजकों ने विजेता टीम के खिलाड़ियों के साथ फोटो सेशन करवा कर उनका उत्साहवर्धन किया। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक रामअवतार नेहरा व अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में खेल संपन्न करवाए गए। मंच संचालन कैलाश चंद जाट ने किया। **विजेता कबड्डी टीम के सदस्य:** मनोज गुर्जर कप्तान, विकास गुर्जर, प्रदीप मीणा, नरपत सिंह पंवार, विक्रम मीणा, सचिन गुर्जर, सोहन गुर्जर, अनिल गुर्जर, अजय मीणा और विजय मीणा।

## सरिस्का अभ्यारण स्थित पांडुपोल मेला आज



मालाखेड़ा (सतीश कुमार चौधरी)

30 अगस्त मंगलवार को सरिस्का अभ्यारण स्थित हनुमान जी महाराज का मेला भरेगा जिसमें दूरदराज कई राज्यों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं जगह जगह पर श्रद्धालुओं के द्वारा मीठे जल की प्याऊ व खाने पीने की व्यवस्था भी की गई है मालाखेड़ा कस्बे से भी श्रद्धालु बाबा का निशान लेकर पैदल चलकर जा रहे है इस मौके पर सौरभ शास्त्री, गौरव सोलंकी, विजय पंडित, राधेश्याम यादव, गोविंद जोशी सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।